प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार- अखिलेश के ''पीडीए' का जवाब पेज- 2

पेज- 8 पीएम की अपील का दिखा असर, सूनी दिखीं सर्राफा की दुकानें

वर्ष : 15 अंक : 142 | बुधवार 13 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## दो दिन में तीन हत्याएं करने का आरोपी पूर्व फौजी मुठभेड़ में ढेर

(एजेंसी) चंदौली। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में दो दिनों में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी पूर्व सैनिक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसने दो लोगों की हत्या ट्रेन में की थी, जबकि एक महिला को अस्पताल में गोली मारी थी। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये हत्यारे की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरुप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पटेल ने बताया कि सोमवार रात पुलिस उसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रेलवे स्टेशन ले गई थी और बाद में रात करीब साढ़े 10 बजे वारदात की परिस्थितियों के आकलन के लिए सकलडीहा क्षेत्र में ले गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आरोपी ने एक पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनी और गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीछा करने पर आरोपी ने दोबारा गोली चलायी, इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं, जो उसके सीने और पेट में लगी।

## प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल अब विषकाल बन गया है... नीट परीक्षा लीक पर राहुल गांधी का तंज

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अनियमितताओं के आरोपों के चलते मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी–2026 को रद्द किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने 22 लाख छात्रों के सपनों को कुचल दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तथाकथित अमृतकाल विषकाल बन गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट– यूजी–2026 को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से



अधिसूचित तिथियों पर पुनः आयोजित की जायेगी। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात–रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला– पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का कहना था, हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। राहुल गांधी ने कहा, अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगी तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।

## प्रधानमंत्री के मितव्ययता उपाय सबसे सख्त

### -जनता को अर्थव्यवस्था की हालत बताई जाए : केजरीवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके द्वारा सुझाए गए मितव्ययता उपायों पर सवाल करते हुए कहा कि उन्हें देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में जनता को बताना चाहिए। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश ने अतीत में युद्धों सहित कई संकटों का सामना किया है, लेकिन मोदी से पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने सात सबसे कड़े कदमों की घोषणा नहीं की और जनता से उनका पालन करने का अनुरोध नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी द्वारा सुझाए गए मितव्ययता उपायों के पीछे स्पष्ट कारण अमेरिका और ईरान के बीच का युद्ध है, लेकिन देश की गिरती अर्थव्यवस्था के पीछे कोई और कारण भी हो सकता



है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी सवाल उठाया कि सभी मितव्ययता उपाय मध्यम वर्ग के लिए ही क्यों हैं और प्रधानमंत्री स्वयं, मंत्री, अधिकारी और देश के अति धनाढ्यों को इस तरह का त्याग क्यों नहीं करना चाहिए? प्रधानमंत्री ने हाल में कई अन्य सुझावों के साथ–साथ लोगों से सोने की खरीद, विदेश यात्रा से बचने और पेट्रोल की खपत को सीमित करने की अपील की थी। विपक्ष ने इन टिप्पणियों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला किया है और इन्हें विफलता का सबूत बताया है।

## लाखों छात्रों की मेहनत दांव पर

### - नीट यूजी विवाद पर छात्र संगठनों का फूटा गुस्सा, न्याय की मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली। देशभर में 3 मई को आयोजित की गई, मेडिकल की नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई है। इसके बाद विभिन्न छात्र संगठन नीट यूजी पेपर लीक व परीक्षा की विश्वसनीयता को लेकर प्रश्न कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा में इस प्रकार की अनियमितता लाखों छात्रों के लिए बड़ी निराशा बनकर उभरी है। लाखों छात्र बीते पूरे साल से इस परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे। ऐसे में परीक्षा रद्द होना व प्रश्न लीक होना इन छात्रों व अभिभावकों के लिए मानसिक व आर्थिक रूप से बड़ा झटका है। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का कहना है कि उनके निरंतर संघर्ष के बाद सरकार को नीट परीक्षा रद्द करनी पड़ी। लेकिन सिर्फ परीक्षा रद्द कर देने से न्याय पूरा नहीं होगा। जब तक पेपर लीक कराने वाले नेटवर्क, एनटीए की जवाबदेही और इस पूरी मिलीभगत पर कार्रवाई नहीं होती,




तब तक छात्रों की लड़ाई जारी रहेगी। एनएसयूआई का कहना है कि एनटीए जैसी संस्था को बंद किया जाए, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें और पूरे पेपर लीक स्कैम की स्वतंत्र जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए। एनएसयूआई के अध्यक्ष विनोद जाखड़ का कहना है कि परीक्षा का रद्द हो जाना इस बात का प्रमाण है कि गड़बड़ी बड़े स्तर पर हुई थी पर कुछ सवालों के जवाब पर अभी भी चुप्पी है। उन्होंने कहा कि वे कौन से बड़े ग्रुप हैं जो इस पेपर लीक में शामिल थे। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं, पेपर लीक एवं विश्वसनीयता पर गहन चिंता व्यक्त की है। अभाविप का कहना है कि विभिन्न रिपोर्ट्स में सामने आई जानकारी ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मन में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर गहरी चिंता उत्पन्न की है। अभाविप का स्पष्ट मत है कि प्रवेश परीक्षाओं की सुचिता एवं विश्वसनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। छात्र संगठन का कहना है कि परीक्षा से पूर्व प्रश्न लीक होना केवल परीक्षा प्रणाली पर आघात नहीं है, बल्कि वर्षभर मेहनत करने वाले लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय भी है। अभाविप ने केंद्र सरकार से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग की है। छात्रों का कहना है कि केंद्रीय एजेंसियों से जांच करवाई जाए व इसमें संलिप्त व्यक्तियों, परीक्षा–माफियाओं व किसी भी स्तर पर सहयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जांच पूर्ण होने तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पूरे प्रकरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के समक्ष तथ्य स्पष्ट करे। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सोलंकी के मुताबिक, लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद नीट जैसी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अनियमितता उनके मनोबल एवं भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालती है।इसलिए आवश्यक है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा न जाए। अभाविप लगातार यह मांग करती रही है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में तकनीकी सुरक्षा, प्रश्नपत्र गोपनीयता, परीक्षा केंद्रों की निगरानी एवं जवाबदेही की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में आयुष्मान भारत योजना लागू करने के फैसले का स्वागत किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की



नयी भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना लागू करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दो इंजन वाली सरकार प्रमुख केंद्रीय योजनाओं का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को घोषणा की कि राज्य में केंद्र की इस प्रमुख योजना को लागू किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल के मेरे भाई–बहनों का कल्याण सर्वोपरि है। मुझे बहुत खुशी है कि राज्य के लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयुष्मान भारत को विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बताते हुए कहा कि यह उच्च गुणवत्ता वाली एवं किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली योजना है। प्रधानमंत्री ने कहा, साथ ही, दो इंजन वाली सरकार प्रमुख केंद्रीय योजनाओं का निर्बाध कार्यान्वयन करेगी। अधिकारी ने कल अपनी पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि भाजपा सरकार ने छह ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें पश्चिम बंगाल में आयुष्मान भारत का कार्यान्वयन शामिल है, जिसका उद्देश्य राज्य में असल परिवर्तन लाना है। तृणमूल कांग्रेस को करारी शिकस्त देते हुए भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पहली बार सत्ता संभाली है। पार्टी ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतकर तृणमूल को 80 सीटों पर समेट दिया।

## फिर हिमंता के हाथ में असम की कमान, दूसरे कार्यकाल से बढ़ी उम्मीदें

(एजेंसी) गुवाहाटी। पूर्वोत्तर में भाजपा के तेजी से बढ़ने का व्यापक श्रेय पाने वाले हिमंत विश्व शर्मा का लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेना, न केवल नेतृत्व की निरंतरता को दर्शाता है, बल्कि इस क्षेत्र में पार्टी की बढ़ती राजनीतिक पैठ का भी संकेत देता है। कांग्रेस की ओर से तीखी आलोचना होने और अपनी पत्नी के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगने के बावजूद, शर्मा पूरे चुनाव में दृढ़ता से प्रचार करते रहे और असम में भाजपा को प्रभुत्व पाने में मदद की, जिससे क्षेत्र में सत्ताधारी राजग के पक्ष में राजनीतिक परिदृश्य को एक नया आकार मिला। राज्य की विकास यात्रा जारी रखने का संकल्प जताते हुए 57 वर्षीय नेता ने कहा है कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल केवल ट्रेलर था और दूसरे कार्यकाल में शफिल्मश आएगी। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में शर्मा ने जालुकबारी सीट पर 89,434 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल कर एक बार फिर प्रदेश की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ साबित की। वर्ष 2015 में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री बनने तक का शर्मा का सफर लंबे समय से उपयोग में लाई जा रही राजनीतिक रणनीति और संगठनात्मक कौशल का परिणाम माना जाता है। मुख्यमंत्री बनने के बाद 57 वर्षीय हिमंत शर्मा ने विकास कार्यों को गति देने, कल्याणकारी योजनाएं लागू करने और स्वदेशी समुदायों के भूमि अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया है। उनका कार्यकाल हालांकि कई विवादों से भी घिरा रहा है। विशेष रूप से बांग्लादेश मूल के बांग्ला भाषी मुसलमानों, जिन्हें राज्य में शमियांश कहा जाता है, को लेकर शर्मा के बयानों और नीतियों ने व्यापक बहस को जन्म दिया है। अतिक्रमण हटाने के अभियान, बाल विवाह के खिलाफ सख्ती, बहुविवाह पर कार्रवाई, मवेशी संरक्षण कानून का पालन, सरकारी मदरसों को बंद या परिवर्तित करने जैसे उनके कदमों को विपक्ष ने सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ाने वाला बताया। विवादों के बावजूद शर्मा अपने रुख पर कायम रहे। इस बीच, उनकी पत्नी से जुड़े आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के साथ विवाद भी सुर्खियों में रहा, जिसका जिक्र उच्चतम न्यायालय के एक आदेश में भी हुआ। विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस ने उनके कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए और उनकी पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा के कारोबारी लेन–देन पर सवाल उठाए, हालांकि मुख्यमंत्री ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया। कभी पूर्वोत्तर के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाने वाले शर्मा अब भाजपा के प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों में शामिल हैं और विभिन्न राज्यों में पार्टी के एजेंडे को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि, कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी भाषा और शैली एक संवैधानिक पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। वर्ष 1996 में अपने पहले चुनाव में हार के बाद शर्मा 2001 से लगातार जालुकबारी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और कांग्रेस तथा भाजपा दोनों के टिकट पर जीत दर्ज कर चुके हैं। वह 2001 से ही विभिन्न सरकारों में मंत्री रहे हैं और प्रशासनिक दक्षता के साथ–साथ राजनीतिक रणनीति के लिए जाने जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया और तरुण गोगोई के मार्गदर्शन में उन्होंने कांग्रेस में तेजी से उभरते हुए महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया।



लेकिन बाद में तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई के साथ मतभेद बढ़ने के कारण 2015 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने सर्बानंद सोनोवाल के साथ मिलकर 2016 में असम में पार्टी की पहली सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद वित्त, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभालते हुए उन्होंने 2021 में मुख्यमंत्री पद संभाला। जोरहाट में जन्मे हिमंत विश्व शर्मा प्रसिद्ध कवि और उपन्यासकार कैलाश नाथ शर्मा तथा साहित्यकार मृणालिनी देवी के पुत्र हैं। हिमंत ने 1992 में राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की और इस विषय में पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की। उन्होंने 1995 में कानून की डिग्री प्राप्त की। गुवाहाटी उच्च न्यायालय में पांच वर्ष तक वकालत करने के बाद उन्होंने 2001 में राजनीति में प्रवेश किया। राजनीतिक दृढ़ता, संगठनात्मक कौशल और विवादों के बीच अपनी पकड़ बनाए रखने की क्षमता ने हिमंत विश्व शर्मा को न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर की राजनीति में एक केंद्रीय चेहरा बना दिया है।

## पुष्कर सिंह धामी की केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात, नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड सरकार को हर सम्भव सहायता का दिया आश्वासन

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कुंभ मेले के दृष्टिगत गंगा की स्वच्छता एवं अविरलता हेतु नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस सम्बंध में किये गये अनुरोध के क्रम में मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में यह जानकरी दी है। उन्होंने प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया है कि कुंभ मेला–2027 के दौरान गंगा नदी की स्वछता एवं निर्मलता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के गंगा नदी स्वच्छता संबंधित प्रस्ताव, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मल–कीचड उपचार संयंत्र, नदी की सतह एवं घाटों की सफाई तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य (रोगवाहक नियंत्रण एवं सुरक्षा) को नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को तृतीय पक्ष मूल्यांकन हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नयी दिल्ली को एनएमसीजी के पत्र के क्रम में प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने हरिद्वार कुम्भ मेला–2027 के व्यवस्थित, सफल आयोजन और गंगा नदी की स्वछता एवं अविरलता को सुनिश्चित करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत हर संभव प्रयासों तथा प्रदेश सरकार की सहायता के लिए केन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की प्रतिबद्धता के प्रति भी मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसी वर्ष फरवरी में नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों तथा नमामि गंगे से संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की थी। मुख्यमंत्री द्वारा केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल से हरिद्वार कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित



एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत ₹408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। मुख्यमंत्री ने यह भी अनुरोध किया था कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत गंगा की निर्मलता, स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सम्पादकीय

## ‘कटियाबाज़’ पर अब नई राजनीति

जैसा कि सर्वविदित है कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर आई है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों की परेशानी को समझते हुए नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को तुरंत बिजली कटने की समस्या से राहत मिलेगी। बहरहाल, अब बात अखिलेश यादव की तो मालूम हो कि समाजवादी पार्टी पर बिजली चोरी और तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए राजधानी समेत कई जिलों में विवादित होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इन होर्डिंग्स में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को ‘कटियाबाज’ बताया गया है। जबकि वरिष्ठ नेता आजम खान और सांसद शफीकुर्रहमान बर्क को ‘बिजली चोर’ कहा गया है। होर्डिंग्स में सपा शासनकाल पर सीधा हमला किया गया है। आरोप लगाया गया कि सपा राज में बिजली सप्लाई में तुष्टिकरण होता था। ‘रमजान में बिजली फुल, दीवाली पर बिजली गुल’... पोस्टरों में लिखा है कि सपा सरकार के दौरान त्योहारों के आधार पर बिजली दी जाती थी और कुछ इलाकों को प्राथमिकता मिलती थी। इसके साथ ही होर्डिंग्स पर सपा नेताओं के खिलाफ दर्ज बिजली चोरी के मुकदमों का भी जिक्र किया गया है। आरोप है कि सपा के शासन में नेताओं ने खुद बिजली चोरी को बढ़ावा दिया और सार्वजनिक मंचों से ऐसे बयान दिए जिससे लोगों को बिजली चोरी के लिए उकसाया गया। पोस्टर में ऐसे बयानों के अंश भी छापे गए हैं। वहीं आजम खान का नाम लेकर दावा किया गया है कि उनके खिलाफ बिजली चोरी के मामले दर्ज हैं। होर्डिंग लगाने वालों ने अखिलेश यादव को ‘कटियाबाज’ कहकर कटाक्ष किया है। ‘कटिया’ का मतलब अवैध तरीके से बिजली का कनेक्शन लेना होता है। कुछ सालों पहले यूपी में ये मुद्दा इतना गरमाया हुआ था कि इस पर एक बॉलीवुड फिल्म भी बन चुकी है। हालांकि, यूपी में भाजपा सरकार आने के बाद हालात में काफी सुधार आया है। हालांकि, इन होर्डिंग्स पर किसी संगठन या व्यक्ति का नाम नहीं लिखा है। इन्हें शहर के प्रमुख चौराहों और बिजली दतरों के आसपास लगाया गया है. सपा की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह विपक्ष की साजिश है और चुनाव से पहले माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। बिजली विभाग ने भी साफ किया है कि अब सप्लाई में कोई भेदभाव नहीं होता। वैसे बता दें कि बीते दिनों यूपी में स्मार्ट मीटर का मुद्दा गरमाया हुआ था। इसे लेकर कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। जैसा कि उल्लेखनीय है कि इसके बाद यूपी में स्मार्ट मीटर को लेकर चल रहे विवाद को देखते हुए अब नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी गई है।



नफीस जाफरी

## रुपईडीहा नगर पंचायत में जेठ माह के दूसरे मंगलवार पर भव्य प्रसाद वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में जेठ माह के दूसरे मंगलवार के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार की सुबह से ही नगर क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। मंदिरों में पूजा–अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं को बूंदी, हलवा, चना एवं शरबत आदि का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और भक्तों के लिए शीतल पेयजल की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि जेठ माह के मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर हनुमान जी की पूजा–अर्चना करने और प्रसाद वितरण करने से सुख–समृद्धि एवं मंगल की प्राप्ति होती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और बजरंगबली के जयकारों से नगर गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

## जिला समन्वयक अश्वनी जैन ने किया नवांगत डीएम का अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी कार्यालय, सिविल लाइन दबरई में जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक एवं श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन ने नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का अभिनन्दन पट्टिका पहनाकर, बैच लगाकर एवं अभिनन्दन पत्र भेंट करके सम्मानित किया।



अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद से पूर्व महाराजगंज में जिलाधिकारी की भूमिका में कई सराहनीय कार्य किए हैं। इनका व्यक्तित्व आकर्षक, सरल हृदयी, सामाजिक, कर्तव्यनिष्ठ एवं कार्यशैली उत्.ष्ट है। उनके जनपद में पदभार ग्रहण करने पर जिला विज्ञान क्लब हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके मार्गदर्शन एवं छत्र छाया में विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करने के लिए आतुर है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जिला समन्वयक को जनपद में विज्ञान की गतिविधियों जिनमें इन्सपायर अवार्ड योजना, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान संगोष्ठी आदि के लिए निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर एसडीएम सदर सतेन्द्र सिंह, एसडीएम मुख्यालय अब्बास आदि उपस्थित रहे।

# योगी मंत्रिमंडल का विस्तार-अखिलेश के ‘‘पीडीए’ का जवाब



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। इससे पहले बीते रविवार को योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट का विस्तार किया गया। कैबिनेट में 6 नए चेहरों को शामिल किया गया है। साथ ही दो मंत्रियों का प्रमोशन हुआ है। योगी सरकार का कैबिनेट विस्तार लंबे समय से टाला जा रहा था। अब चुनाव से कुछ महीने पहले कैबिनेट विस्तार को भाजपा की चुनावी तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सवाल यह है कि कैबिनेट विस्तार अभी क्यों किया गया? इसके तीन बड़े कारण हैं। पहला– नाराज जातियों को खुश करने के लिए क्षेत्रीय संतुलन बैठाना। दूसरा– दलबदलुओं को जगह देकर दूसरी पार्टियों के नेताओं को लुभाने की कोशिश करना। और तीसरा– पश्चिम बंगाल की जीत के बाद महिलाओं और अति पिछड़ों की लामबंदी के हिट फॉर्मूले को यूपी में भी लागू करना। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में योगी कैबिनेट के विस्तार में कई राजनीतिक संदेश छुपे हैं। इनमें एक बड़ा संदेश यह भी है कि भाजपा कैसे गैर जाटव अनुसूचित जाति और गैर यादव ओबीसी तबके को अपने साथ फिर से लाना चाह रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा ने इस रणनीति पर काम शुरू कर दिया था। जिसके अपेक्षित परिणाम भी पार्टी को मिले। लेकिन 2024 में अखिलेश यादव के पीडीए प्रयोग और संविधान खतरे में के नैरेटिव ने भाजपा को नुकसान पहुंचाया। अखिलेश यादव ने गैर जाटव एससी और गैर यादव ओबीसी वोटों में सेंध लगाई थी। अब भाजपा 2027 के चुनाव से पहले फिर से इन वोटों को एकजुट रखने में जुट गई है। अगर अनुसूचित जाति की बात करें तो पूरे देश में उत्तर प्रदेश में एससी आबादी सबसे अधिक है। यही कारण है चुनाव परिणामों में एससी वोट निर्णायक होते हैं। राज्य में 21 प्रतिशत आबादी इसी वर्ग से है। विधानसभा की 403 में 84 और लोकसभा की 80 में से 17 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इनके अलावा करीब 90 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां एससी वोट जीत–हार तय करने में बड़ा प्रभाव डालते हैं। अनुसूचित जाति के वोटों में बड़ी आबादी (50 प्रतिशत से अधिक) जाटवों की है, जो बहुजन समाज पार्टी के कट्टर वोट बैंक रहे हैं। तमाम उतार–चढ़ाव आने के बावजूद राज्य का जाटव वोट मायावती के साथ चट्टान की तरह आज भी खड़ा है। भाजपा ने दलित वोटों को साथ लाने के लिए जाटवों के साथ ही बाकी उपजातियों जैसे पासी, कोईरी, वाल्मीकि, खटीक, गोंड आदि पर ध्यान केंद्रित किया। भाजपा ने संगठन से लेकर सरकार में इन्हें महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व दिया। बेबी रानी मौर्य, असीम अरुण, गुलाब देवी, दिनेश खटीक आदि को मंत्रिमंडल में स्थान दिया



गया। इसी तरह पासी समाज के कौशल किशोर, कोरी समाज के भानुप्रताप वर्मा, गड़ेरिया समाज के एसपी सिंह बघेल आदि को बड़ी जिम्मेदारियां दी गईं। रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाना और लक्ष्मण आचार्य को राज्यपाल बनाना इसी रणनीति के तहत किया गया। पार्टी ने ब्रज से लेकर बुंदेलखंड तक हर क्षेत्र में दलित नेतृत्व तैयार किया और गैर जाटव दलितों की भागीदारी बढ़ाई। भाजपा को इसका लाभ भी मिला। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव तथा 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को गैर जाटव अनुसूचित जाति के जमकर वोट मिले। आंकड़ों के अनुसार 2014 में मोदी लहर में करीब 45: गैर–जाटव दलितों ने भाजपा को वोट दिया। राज्य की सभी 17 एससी सीटें भाजपा की झोली में गईं। इसी तरह 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गैर–जाटव वोटों का लगभग 58 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि जाटव वोटों का भी एक छोटा हिस्सा बीएसपी से भाजपा की ओर खिसका। राज्य की 84 आरक्षित सीटों में भाजपा ने 70 से भी अधिक सीटें जीतकर बीएसपी और सपा का सूपड़ा साफ कर दिया। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण थीं, क्योंकि सपा और बसपा ने गठबंधन कर लिया था। इसके बावजूद भाजपा अपने गैर जाटव वोट बैंक को बचाने में कामयाब रही। भाजपा ने 17 में से 15 लोकसभा सीटें जीतीं। वहीं बीएसपी ने अपना जाटव आधार को बचाया. उसे दो सीटें मिलीं। इस बीच बीएसपी लगातार कमजोर होती गई, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलने लगा। 2022 विधानसभा चुनाव में बीएसपी के कमजोर होने से दलित वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर तथा कुछ हिस्सा समाजवादी पार्टी की ओर गया। इस चुनाव में भाजपा ने 84 में से 63 सीटें जीतीं, जबकि बीएसपी केवल एक सीट पर सिमट गई। लेकिन भाजपा के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में परेशानी आई। विपक्ष ने यह प्रचार किया कि भाजपा अगर चार सौ सीटें ले आती है तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। इस कारण बड़ी संख्या में गैर जाटव और कुछ हद तक जाटव वोट इंडिया गठबंधन को मिल गया। भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ा। पार्टी 17 में से केवल 8 सीटें ही जीत सकी, जबकि सपा कांग्रेस गठबंधन को 9 सीटों पर कामयाबी मिली। सपा की जीत का यह आलम रहा कि जहां 2014 में वह एक भी आरक्षित सीट नहीं जीत पाई थी, वहीं 2024 में उसके पासी अनुसूचित जाति के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने अयोध्या फैजाबाद की सामान्य सीट पर जीत हासिल कर सनसनी फैला दी। पासी समाज के आर के चौधरी, चिरायु समुदाय के पुष्पेंद्र सरोज, दरोगा प्रसाज सरोज और कोरी समाज के जीतेंद्र कुमार दोहरे, खरवार समुदाय के छोटेलाल जैसे नेताओं ने जीत हासिल की। यही कारण रहे कि भाजपा ने इस हार से बड़ा सबक लिया है। बीते रविवार को मंत्रिमंडल विस्तार में छह नए मंत्री शामिल किए जबकि दो का प्रमोशन हुआ। इनमें एक ब्राह्मण को छोड़कर बाकी सात ओबीसी, अति पिछड़े और गैर जाटव अनुसूचित जाति से हैं। भूपेंद्र चौधरी जाट (ओबीसी), सोमेंद्र तोमर गुर्जर (ओबीसी), हंसराज विश्वकर्मा लोहार (अति पिछड़ा), कैलाश राजपूत लोध (ओबीसी), .ष्णा पासवान पासी (एससी), सुरेंद्र दिलेर वाल्मीकि (एससी) और अजीत पाल गड़ेरिया (एससी) बिरादरी से आते हैं। यह गैर जाटव एससी और गैर यादव ओबीसी वोटों को लामबंद करने की बड़ी कोशिश मानी जा रही है। भाजपा के लिए यह कोशिश इसलिए भी जरूरी हो गई है, क्योंकि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर का उभार दलित राजनीति में नए समीकरण बना रहा है। वे मायावती के जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं। युवा और आक्रामक दलितों में वे लोकप्रिय हो रहे हैं जो मायावती से ऊब चुके हैं। 2024 में उन्होंने नगीना लोकसभा सीट जीतकर साबित किया कि वे बीएसपी के वोट बैंक में सेंध लगा सकते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वे बीएसपी के विकल्प के रूप में उभर रहे हैं और इस उभार ने पारंपरिक राजनीति करने वाले दलों को चौकन्ना कर दिया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति एक ऐसे तिराहे पर खड़ी है जहां भाजपा अपना जनाधार बचाने, सपा उसे छीनने और चंद्रशेखर नई राह बनाने में लगे हैं।

# शुभेंदु अधिकारी-कभी मुसलमानों के बीच भी लोकप्रिय थे



फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है, शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथग्रहण कर ली है। बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल रहे शुभेंदु अधिकारी के सामने है। लंबे समय तक राज्य की राजनीति पर पकड़ बनाए रखने वालीं ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर करने के बाद भाजपा के लिए असली परीक्षा अब शासन चलाने की मानी जा रही है। सबसे बड़ी चुनौती चुनाव बाद हिंसा और कानून–व्यवस्था को लेकर सामने आ रही है। राज्य के कई हिस्सों से लगातार राजनीतिक झड़पों, हमलों और हत्याओं की खबरें आ रही हैं। सुवेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या ने राजनीतिक माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है। भाजपा, टीएमसी पर अपने कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगा रही है। वहीं, टीएमसी का कहना है कि हिंसा में भाजपा समर्थक भी शामिल हैं। ऐसे माहौल में नई सरकार के लिए निष्पक्ष जांच, हिंसा पर रोक और प्रशासन में भरोसा बहाल करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जहां तक पश्चिम बंगाल के भाजपा के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का सवाल है तो पश्चिम बंगाल की राजनीति में शुभेंदु अधिकारी शायद सबसे दिलचस्प और सबसे तेज राजनीतिक बदलाव का चेहरा माने जाते हैं। शुभेंदु अधिकारी की राजनीति की धुरी देखते ही देखते 180 डिग्री घूम गई। दरअसल, एक दौर था जब नंदीग्राम आंदोलन के नायक के रूप में उनकी पहचान धर्म और जाति की सीमाओं से ऊपर उठे नेता की थी। उनकी सभाओं में अल्लाह–हू–अकबर और हर–हर महादेव के नारे एक साथ गूंजते थे। मुस्लिम परिवार अपने नवजात बच्चों का नाम शुभेंदु रख रहे थे। लेकिन डेढ़ दशक बाद वही शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे फ्रायरब्रांड नेता और जय श्री राम राजनीति के सबसे बड़े पोस्टर बॉय बन चुके हैं। दरअसल, यह बदलाव केवल एक बड़े नेता की राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल की बदलती सामाजिक और चुनावी राजनीति की कहानी भी है। साल 2007 का नंदीग्राम आंदोलन बंगाल की राजनीति का टर्निंग पॉइंट माना जाता है। भूमि अधिग्रहण के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार की नींव हिला दी थी। उस आंदोलन के चर्चित चेहरों में शुभेंदु अधिकारी शामिल थे। उस समय उनकी राजनीति का केंद्र किसान, ग्रामीण अस्मिता और स्थानीय अधिकार थे, न कि धार्मिक पहचान. पूर्व मेदिनीपुर और नंदीग्राम के मुस्लिम बहुल इलाकों में शुभेंदु की लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि कई मुस्लिम परिवारों ने अपने बच्चों का नाम उनके नाम पर रखा। स्थानीय नेता बताते हैं कि उस समय शुभेंदु की सभाओं में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक समान शामिल होते थे। मंच से अल्लाह–हू–अकबर और



हर–हर महादेव के एक साथ नारे लगना उस दौर की बंगाल राजनीति में आम .श्य थे। उस समय उनकी छवि एक ऐसे नेता की थी। जो ममता बनर्जी के आंदोलनकारी सहयोगी के रूप में वामपंथ के खिलाफ जनता की आवाज बन रहे थे। समय के साथ ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी के रिश्तों में दूरी बढ़ने लगी। पार्टी और सरकार में प्रभाव को लेकर मतभेद खुलकर सामने आने लगे। अधिकारी परिवार, जो लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का मजबूत स्तंभ माना जाता था, धीरे–धीरे खुद को अलग–थलग महसूस करने लगा। इसी दौर में शुभेंदु ने बंगाल की बदलती चुनावी हवा को पढ़ना शुरू किया। भाजपा राज्य में तेजी से उभर रही थी और हिंदू वोटों का ध्रवीकरण उसकी सबसे बड़ी ताकत बन रहा था। शुभेंदु ने इस नई राजनीति में अपने लिए अवसर देखा. 19 दिसंबर 2020 को शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। साल 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक भाषा बदल गई। जो नेता कभी साझा सांस्.तिक मंच की बात करता था, वही अब तुष्टीकरण की राजनीति के खिलाफ खुलकर बोलते हुए नजर आने लगे। उनकी सभाओं में जय श्री राम प्रमुख नारा बन गया। उन्होंने बार–बार आरोप लगाया कि बंगाल में हिंदुओं के साथ भेदभाव हुआ है और भाजपा ही उनके अधिकारों की रक्षा कर सकती है। यह बदलाव केवल भाषणों तक सीमित नहीं था। सुवेंदु ने खुद को बंगाल में हिंदुत्व राजनीति के सबसे भरोसेमंद चेहरे के रूप में स्थापित करने की रणनीति अपनाई। 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर ममता बनर्जी को हराने के बाद उनकी यह छवि और मजबूत हो गई। भाजपा समर्थकों के बीच शुभेंदु हिंदू अस्मिता और ममता विरोध के सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे। शुभेंदु अधिकारी का ये बदला हुआ रूप बंगाल की राजनीति में आए बड़े बदलाव का संकेत भी है। लंबे समय तक बंगाल की राजनीति वर्ग, किसान और क्षेत्रीय अस्मिता के इर्द–गिर्द घूमती रही। लेकिन पिछले एक दशक मेंधार्मिक पहचान और ध्रुवीकरण चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा बन गया।

# अखिलेश का निशाना आख़िर किस पर?



शबाब हुसैन

इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख दलों तमिलनाडु में डीएमके और पश्चिम बंगाल में टीएमसी की हार के बाद इंडिया गठबंधन में तनाव देखा जा सकता है और यह तनाव उस वक्त और भी चरम पर पहुंच गया जब कांग्रेस ने अपने पुराने सहयोगी डीएमके से किनारा कर तमिलनाडु में विजय की सरकार का समर्थन देना का ऐलान किया। कांग्रेस के इस कदम से नाराज डीएमके ने संसद में कांग्रेस से अलग बैठने का पत्र लोकसभा स्पीकर को भेज दिया। वहीं इस सबके बीच दिलचस्प है अखिलेश यादव का वह पोस्ट, जिसमें उन्होंने कुछ न कह कर बहुत कुछ कह दिया। विदित हो कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सवाल यह उठ रहा है कि अखिलेश यादव का यह संदेश आखिर किसके लिए है। पोस्ट में अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "हम वो नहीं हैं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें।" इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या यह संदेश कांग्रेस के लिए है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत सहयोगी दल हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव नतीजों के बाद अखिलेश यादव ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं, वह कोलकाता जाकर टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से मिले, उनका सम्मान किया और यह कहते हुए उनका समर्थन जताया कि, "आप हारी नहीं हैं।" राजनीतिक जानकारों का मानना है कि "हम वो नहीं हैं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें" वाला बयान सोचघ्समझकर दिया गया है। इसकी वजह यह है कि पश्चिम बंगाल के चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ममता बनर्जी और टीएमसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया था। खुद राहुल गांधी ने नतीजों से पहले भाजपा की बढ़त के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराकर एक अलग बहस छेड़ दी थी।



अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। फिलहाल सपा और कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत साथ हैं। लेकिन सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के नेताओं के अलगघ्अलग दावे सामने आते रहते हैं। सपा नेताओं का मानना है कि 403 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस को अधिकतम 50 सीटें दी जानी चाहिए, जबकि कांग्रेस का कहना है कि 150 से कम सीटों पर गठबंधन टिक पाना मुश्किल होगा। इन दावों के बीच अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए कांग्रेस पर टीएमसी के खिलाफ रुख को लेकर निशाना साधा है। अखिलेश यादव और ममता बनर्जी के रिश्ते काफी घनिष्ठ माने जाते हैं। लोकसभा चुनाव में भी सपा ने अपने कोटे से एक सीट टीएमसी को देकर यह संकेत दिया था। अब कांग्रेस द्वारा ममता बनर्जी पर लगातार हमलों के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या अगले साल के चुनाव तक इंडिया गठबंधन एकजुट रह पाएगा। यदि लोकसभा चुनाव की बात करें तो यूपी में इंडिया गठबंधन ने 80 में से 43 सीटें जीतकर भाजपा को बड़ा झटका दिया था। इनमें से अकेले सपा ने 37 और कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल को दो और अपना दल (सोनेलाल) को एक सीट मिली थी। इन अप्रत्याशित नतीजों के बावजूद सपा और कांग्रेस अब तक एकघ्दूसरे के साथ बनी हुई हैं। फिलहाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए ही कांग्रेस को अपना संदेश दे दिया है। इस बीच अखिलेश यादव अपने पीडीए एजेंडे के साथ ज़ोरघ्शोर से चुनाव अभियान में जुटे हुए हैं, जबकि कांग्रेस के बड़े नेता अभी तक उत्तर प्रदेश में सक्रिय नज़र नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सवाल यही है कि क्या कांग्रेस वाक़ई यूपी चुनाव को लेकर गंभीर है और क्या इंडिया गठबंधन अगले साल तक टिका रह पाएगा।

# तीन मंजिला कपड़ा शोरूम में लगी आग, बाजार में मची अफरा-तफरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। नगर के व्यस्त कटहरा बाजार में मंगलवार अलसुबह एक कपड़ा शोरूम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। आग ने कुछ ही देर में तीन मंजिला भवन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह करीब साढ़े चार बजे बाजार क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया। पास पहुंचने पर लोगों ने एक कपड़ा शोरूम से आग की तेज लपटें निकलती देखीं। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी और दमकल विभाग को खबर दी गई। आग तेजी से फैलती चली गई और पूरे भवन में फैल गई। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। संकरी गलियों और भवन में रखे कपड़ों के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब तीन घंटे तक राहत कार्य चलता रहा। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानों से सामान हटाने में लगे रहे। आग की चपेट में आकर दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी भी जल गई। हादसे के बाद बाजार में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि विभागीय जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। व्यापारी को घटना में भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।



# मानसिक स्वास्थ्य व टेली मानस नंबर को लेकर फैलाई जागरूकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मानसिक स्वास्थ्य एवं टेली मानस नंबर 14416 के विषय में जागरूकता एवं ट्रेनिंग का कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा में संपन्न कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह ने समस्त ब्लॉकों में आशा व एनम की प्रशिक्षण हेतु पत्र जारी किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि समस्त ब्लॉक में टैली मानस नंबर 14416 व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



के तहत आशा एनम व समस्त स्टाफ को ट्रेनिंग कराई जानी है। प्रशिक्षण की शुरुआत मे अधीक्षक जसपुरा डॉ पवन कुमार ने बताया कि आत्महत्या कई कारणों से लोग करते हैं जैसे पढ़ने वाले बच्चे रिजल्ट के समय, युवा प्रेम के चक्कर में विवाह के बाद आपसी झगड़ों आदि के कारण होते हैं। इससे बचाव के लिए सभी आशा और एनम साथी ऐसे लोगों से बातचीत कर उनकी व्यथा सुने। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रिजवाना हाशमी बताया कि यदि मानसिक स्वास्थ्य अच्छा हो तो काम की क्वालिटी अच्छी होती है शारीरिक बीमारी को पहचाना जा सकता है लेकिन मानसिक बीमारी के लिए बातचीत करना आवश्यक है। मानसिक बीमारी का बहुत बड़ा रोल विचार है अपने विचारों को जानने की आवश्यकता है। आत्महत्या के विषय में बताया कि छोटी छोटी बातों को लेकर लोग आत्महत्या कर लेते हैं आत्महत्या का विचार दो से तीन मिनट होता है यदि उस समय उनकी काउंसलिंग की जाए तो उन्हें बचाया जा सकता है उसके लिए टेली मानस नंबर 14416 पर कॉल अवश्य करनी चाहिए। साईंकईट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि लोग अवसाद या नशे में सबसे ज्यादा आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या से बचाव के लिए आशा व एनम अपने फील्ड पर लोगों को जागरूक करें। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा यदि कोई व्यक्ति अचानक शांत हो जाता है, बार–बार मरने की बातें करता है, जीवन बेकार है कहता है, ऐसा व्यक्ति आत्महत्या कर सकता है ऐसे व्यक्ति से बातचीत करें काउंसलिंग पहले मानस नंबर 14416 पर अवश्य करें। जिला अस्पताल में कमरा नंबर 4 मनकक्ष में आकर भी काउंसलिंग की सेवा ले सकते हैं। प्रशिक्षण में डॉ अंकुर अवस्थी, डब्लूएचओ से अशोक मिश्रा और बीसीपीएम ज्ञान सिंह ने सहयोग किया।

# कैदी की मौत पर उग्र प्रदर्शन, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर। जिला कारागार में बंद एक सजायाता कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद सोमवार को शहर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पोस्टमार्टम हाउस से लेकर जजी चौराहे तक परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पुलिस को स्थिति संभालने के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पृथ्वीपुर निवासी दीपक कुमार की रविवार को जिला जेल में मौत हो गई थी। जेल प्रशासन का कहना है कि कैदी का शव जेल परिसर में पेड़ से लटका मिला था, जबकि परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के विरोध में रविवार को भी लोगों ने प्रदर्शन किया था। सोमवार को दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। दोपहर के समय माहौल उस वक्त और गर्मा गया जब कुछ लोगों की पुलिस कर्मियों से नोकझोंक हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी जजी चौराहे पर पहुंच गए और सड़क पर जाम लगा दिया। करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर किसी तरह स्थिति को शांत कराया। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। जजी चौराहा, शास्त्री चौक और मेडिकल कॉलेज मार्ग पर बैरिकेड लगाए गए। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए वाहनों को बाईपास मार्ग से निकाला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने मौत की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। वहीं जेल प्रशासन ने ड्यूटी में लापरवाही मानते हुए दो बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार दीपक लूट के मामले में सजा काट रहा था और पिछले करीब 14 महीनों से जेल में बंद था। घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों का कहना है कि जेल में पहले भी दीपक ने अपनी जान को खतरा बताया था। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी कराई है।

# डीएम ने गैस एजेंसी मालिकों व पेट्रोल पंप स्वामियों की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद के समस्त गैस एजेंसी मालिकों और पेट्रोल पंप स्वामियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित सर्वोपरि है और उपभोक्ताओं को किसी भी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट में आने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि प्रशासन द्वारा एक विशेष कंट्रोल



रूम स्थापित किया गया है, यदि किसी उपभोक्ता या संचालक को किसी भी प्रकार की शिकायत है तो तत्काल इस कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं, प्राप्त शिकायतों का त्वरित रूप से निस्तारण किया जाएगा। बैठक के दौरान गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप स्वामियों ने जिलाधिकारी को आस्वस्त कराया कि वह प्रशासन के नियमों का पूर्ण पालन करेंगे, उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने और आपूर्ति श्रृंखला को सु.ढ़ बनाए रखने में वह अपना पूरा सहयोग देंगे। मालिकों ने अपनी कुछ तकनीकी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहम्मदाबाद-बच्छलपुरा-रामपुर-रेवतीपुर संपर्क पीपा पुल बना जानलेवा

## - हर दिन जोखिम में गुजर रहे हजारों लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद, बच्छलपुरा–रामपुर और रेवतीपुर को जोड़ने वाला संपर्क पीपा पुल इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। पुल की जर्जर हालत से क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है। प्रतिदिन हजारों लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस पुल से आवागमन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पीपा पुल की कई लोहे की चादरें अपनी जगह से खिसक चुकी हैं, जबकि कई स्थानों पर प्लेटों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। पुल के बीच–बीच में बड़े गड्ढेनुमा हिस्से बन गए हैं, जिससे बाइक, साइकिल और चार पहिया वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल पार करते समय वाहन चालकों और राहगीरों को हर पल दुर्घटना का डर बना रहता है। रात के समय खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि पुल पर पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है। कई बार वाहन फंसने और लोगों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह पीपा पुल क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। छात्र, किसान, व्यापारी और मरीज प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। पुल की खराब स्थिति के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वे मजबूरी में जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को विवश हैं। क्षेत्रीय जनता ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि पीपा पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों की जान बचाई जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# मोटर साइकिल व ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर दो लोगों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रित, सीतापुर। कोतवाली मिश्रित के सीतापुर हरदोई मार्ग पर ग्राम करमसेपुर के आगे स्थित सौंरी पुलिया पर आज 2 बजे के लग भग ट्रैक्टर और मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ट्रैक्टर चालक और मोटर साइकिल चालक की मौत हो गई है। दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम नटौरा निवासी कपिल पुत्र रामकिशोर उम्र 22 वर्ष अपने साथी मोहित पुत्र श्रीकेशन के साथ कल ग्राम टिकरा मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आज 2 बजे के लग भग वह टिकरा से अपने गांव नटौरा जा रहे थे। तभी सीतापुर हरदोई



मार्ग पर स्थित सौंरी पुलिया के पास बरमी की ओर से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे ट्रैक्टर चालक मोहित पुत्र सुरेश कुमार उम्र 18 वर्ष तथा मोटर साइकिल चालक कपिल पुत्र रामकिशोर उम्र 22 वर्ष की मौके पर मौत हो गई है। उनके साथी मोहित पुत्र श्रीकेशन निवासी नटौरा तथा अर्जुन पुत्र सीताराम उम्र 20 निवासी बरमी गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई जहां पर चिकित्सकों ने मोटर साइकिल चालक कपिल पुत्र राम किशोर निवासी नटौरा व ट्रैक्टर चालक मोहित पुत्र सुरेश कुमार निवासी बरमी को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों मृतको के शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है तथा दोनों घायलो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में जारी है। मोटर साइकिल सवार यातायात नियमों को दरकिनार कर हेलमेट नही लगाए थे। कास हेलमिट लगा रखा होता तो सायद सर में इतनी चोट नही आती और जान भी बच जाती।

# अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध होगी प्रवर्तन की कार्यवाही

## – अनाधिकृत स्टैण्डों के विरूद्ध भी होगी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। बहराइच–हुजूरपुर मार्ग एवं बहराइच–महसी–बौण्डी मार्ग पर संचालित परमिटधारी निजी बसों के संचालकों को अनाधि.त बैट्री ई–रिक्शा व टैम्पों के संचालन से हो रही आर्थिक क्षति के साथ साथ प्रभावित हो रही सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों तथा हुजूरपुर एवं महसी–बौण्डी प्राईवेट बस यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ बैठक करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि दोनों मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित यात्री वाहनों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। डीएम ने कहा कि बिना परमिट अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कठोर प्रवर्तन कार्रवाई अमल में लाई जाये। बैठक के दौरान बहराइच–हुजूरपुर एवं महसी–बौण्डी प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निर्धारित स्टैंडों के अलावा अलग–अलग स्थानों पर अवैध रूप से ई–रिक्शा, टैम्पो व अन्य यात्री वाहनों के सवारियां बैठाने से जहां एक ओर यातायात अवरूद्ध होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है वहीं दूसरी ओर परमिटधारी वाहनों के हित भी प्रभावित होते हैं। इस सम्बन्ध में डीएम श्री त्रिपाठी ने पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध रूप से स्थापित स्टैण्डों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें ताकि मार्गों को अव्यवस्था व जाम की स्थिति से निजात मिल सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी यातायात पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), यात्रीकर अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी सहित यातायात पुलिस एवं विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# बेटी-रोटी का संबंध : सामाजिक एकता का आधार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नेपाल–भारत संबंध का सबसे अनोखा और मजबूत पक्ष बेटी–रोटी का संबंध है। यह संबंध दोनों देशों को केवल राजनीतिक या आर्थिक स्तर तक सीमित नहीं रखता, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रूप से भी गहराई से जोड़ता है। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के बीच अंतरविवाह एक सामान्य परंपरा के रूप में स्थापित है। नेपाली और भारतीय परिवारों के बीच वैवाहिक संबंध दोनों देशों के नागरिकों को भावनात्मक रूप से एक–दूसरे से जोड़ते हैं। इससे आपसी विश्वास, सहयोग और समझदारी मजबूत हुई है। त्योहार, भाषा और संस्.ति में दिखाई देने वाली समानताओं ने भी बेटी–रोटी के संबंध को और सशक्त बनाया है। दशैं, तिहार, होली और छठ जैसे पर्व दोनों देशों में समान उत्साह के साथ मना, जाते हैं। मैथिली, भोजपुरी और अवधी जैसी भाषाँ, सीमावर्ती क्षेत्रों में समान रूप से बोली और समझी जाती हैं। खुली सीमा की जटिलता हालाँकि खुली सीमा और संधियों ने कई सकारात्मक प्रभाव डाले हैं, फिर भी कुछ चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। खुली सीमा के दुरुपयोग के कारण अवैध गतिविधियों के बढ़ने की संभावना रहती है। तस्करी, मानव तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियाँ इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए दोनों देशों के बीच प्रभावी सुरक्षा तंत्र आवश्यक है। सीमा प्रबंधन, सूचना आदान–प्रदान और संयुक्त सुरक्षा प्रयासों को मजबूत बनाना अत्यंत जरूरी है। इसके साथ ही समय–समय पर संधि के कुछ प्रावधानों की पुनर्समीक्षा की माँग भी उठती रही है। बदलती राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार संधि को अद्यतन करना आवश्यक माना जा रहा है। राजनीतिक उतार–चढ़ाव और कूटनीतिक संबंध नेपाल–भारत संबंधों में समय–समय पर राजनीतिक उतार–चढ़ाव भी देखने को मिलते हैं। सीमा विवाद, व्यापार अवरोध और नाकाबंदी जैसी घटनाओं ने त्रिपक्षीय संबंधों में तनाव उत्पन्न किया है। फिर भी, ऐसे मुद्दों का समाधान दीर्घकालीन संवाद और सहयोग के माध्यम से खोजने का प्रयास लगातार होता रहा है। दोनों देश आपसी संबंधों के महत्व को समझते हुए संवाद और सहयोग के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं। ऐतिहासिक और सांस्.तिक निकटता के कारण इन संबंधों के पूरी तरह टूटने की संभावना बहुत कम है। भविष्य की दिशाः सहयोग और सुधार नेपाल–भारत संबंधों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संधियों की समीक्षा और सुधार आवश्यक है। खुली सीमा के प्रबंधन को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जाना चाहिए। आर्थिक सहयोग का विस्तार करते हुए व्यापार संतुलन बना, रखने की आवश्यकता है। जलविद्युत, पर्यटन और आधारभूत संरचना विकास जैसे क्षेत्रों में संयुक्त निवेश दोनों देशों के लि, लाभकारी सिद्ध हो सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर मानव संसाधन विकास पर विशेष ध्यान देना भी महत्वपूर्ण है। इससे दीर्घकालीन विकास के लिए मजबूत आधार तैयार होगा। समग्र रूप से देखा जाए तो नेपाल.भारत संबंध केवल दो देशों के बीच का संबंध नहीं है, बल्कि यह साझा इतिहास, संस्.ति, धर्म और मानवीय रिश्तों का जीवंत उदाहरण है। सन् 1950 की शांति और मैत्री संधि ने इन संबंधों को संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुए सहयोग के नए मार्ग खोले हैं। खुली सीमा, आर्थिक सहयोग और बेटी–रोटी का संबंध दोनों देशों के लोगों को गहराई से जोड़ता है। यद्यपि कुछ चुनौतियाँ मौजूद हैं, फिर भी इन संबंधों की गहराई और व्यापकता भविष्य में भी इन्हें स्थिर और मजबूत बना, रखने की संभावना दर्शाती है। नेपाल और भारत के बीच का संबंध दक्षिण एशिया में सहयोग, सह–अस्तित्व और पारस्परिक सम्मान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। समयानुसार इन संबंधों को परिष्.त और सु.ढ़ करते हुए आगे बढ़ाया जाए तो यह दोनों देशों की जनता की समृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

# यूपीडब्लूजेयू ने सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। यूपीडब्लूजेयू व लखीमपुर प्रेस क्लब ने बहराइच में पत्रकारों पर फर्जी तरीके से दर्ज कराए गए मुकदमे के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही पत्रकारों पर



दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को वापस लिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी खीरी को सौंपा। यूपीडब्लूजेयू के अध्यक्ष कुलदीप पाहवा व महामंत्री शबाब खान के साथ डीएम कार्यालय पहुँचे अन्य पत्रकार सदस्यों ने बहराइच में पत्रकारो पर फर्जी तरीके से दर्ज कराए गए मुकदमें का पुरजोर विरोध करते हुए उस मुकदमे को वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बहराइच में नगर पालिका में फैले भ्र्ष्टाचार की खबर चलाने पर जिलाधिकारी ने पत्रकारो को फंसाने के लिए कार्यालय बुलाया जहां फेसबुक से जबरदस्ती खबर हटवाई गई जो कि चौथे स्तंभ को दबाने का कुप्रयास है। इसके बाद भी पत्रकारों पर फर्जी तरीके से मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया। यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने बताया कि अगर बहराइच में पत्रकारों पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को वापस न लिया गया तो संगठन सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा। डीएम को ज्ञापन सौंपने वालों में यूनियन के सदस्य रितेश भसीन, शकील अहमद, बीके सिंह, अनूप रंजन मुखर्जी व शुभम त्रिपाठी, धीरज कुमार समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

# बिजली चोरी पर विभाग की बड़ी कार्रवाई

## – शाहगंज क्षेत्र में मॉर्निंग रेड, 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल द्वारा बिजली चोरी रोकने एवं राजस्व वसूली अभियान के तहत मंगलवार को शाहगंज क्षेत्र में सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छह उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा गया,



जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा–135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी नवनीत कुमार एवं अवर अभियंता रतनभूषण ने विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कालीवाहन से पोषित क्षेत्र मोहल्ला शाहगंज में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना वैध कनेक्शन एवं अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य एकत्र किए गए और सभी आरोपितों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान कुल 8 किलोवाट भार की बिजली चोरी पकड़ी गई। जिन उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई उनमें नजमा पत्नी शमीर, रफीकन पत्नी सुलेमान, राशिद पुत्र कामिल, सरोज पत्नी रघुवीर, दिलीप पुत्र सुरेन्द्र सिंह तथा अजीम पुत्र रशीद शामिल हैं। विद्युत विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। मीटर से छेड़छाड़, अतिरिक्त केबिल या अवैध जोड़ के माध्यम से बिजली प्रयोग करना दंडनीय अपराध है। विभाग द्वारा आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, नर्से स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी

## – अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर मुख्य अतिथि सम्मानित, छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. बीना टंडन एवं चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं एएनएम के छात्र–छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने सेवा, समर्पण और मानवता की शपथ ली। इसके साथ ही नर्सिंग छात्राओं ने सांस्.तिक प्रस्तुतियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मानव सेवा का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर संस्थान में केक काटकर खुशी मनाई गई। मुख्य अतिथि, चेयरमैन एवं फैकल्टी सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक काटकर सभी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डॉ. बीना टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि नर्से मरीजों की देखभाल में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका समर्पण, धैर्य और सेवा भाव स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल नौकरी नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला ने छात्र–छात्राओं को मरीजों के प्रति संवेदनशील रहते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था को–फाउंडर माया शुक्ला, इंजीनियर श्याम सुंदर मिश्र,डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, डा. वर्षा शुक्ला, आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजारानी, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल, सौम्या सिंह, एकता सिंह, आंचल सिंह, लवीशा प्रजापति, सौम्या, मोनिका, सुषमा गिरी, अनुराधा, संगीता, कीर्ति, राहुल श्रीवास्तव, उदय प्रताप वर्मा, चन्दन शर्मा, यशवंत सिंह, राजन यादव, धर्मेंद्र तिवारी, माथन, पावक शुक्ला समेत अन्य फैकल्टी मौजूद रहीं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने हनुमान जी के दर्शन कर ली समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। बड़े मंगलवार को संकट मोचन हनुमान जी की पूजा, पाठ, अर्चना का विशेष महत्व होता है, आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने साथियों सहित जनपद में स्थित हनुमान जी के दर्शन के लिए सुप्रसिद्ध मंदिर नरैनी के पास गुढ़ा के हनुमान जी के श्रद्धापूर्वक दर्शन व भव्य भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया गया। वहीं आज नरैनी विधानसभा क्षेत्र के नरैनी ब्लॉक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने नरैनी में कांग्रेस पार्टीजनों के साथ समीक्षा बैठक की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बतलाया कि आगामी विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस पार्टी की यह समीक्षा बैठक है, विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी की रूपरेखा तैयार की गई व आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। समीक्षा बैठक में कांग्रेस एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, राम.ष्ण निगम कांग्रेस नगर अध्यक्ष नरैनी, अबू हुरैरा जिला वक्ता, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, सुनील तिवारी, श्रीप्रकाश पिंटू शुक्ला, सुनील चौरसिया पिप्पी, जितेन्द्र गुप्ता, लालबाबू राजपूत सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात सभी सम्मानित कांग्रेस जन पनगरा कुटी पहुंचकर श्रीश्री 1008 स्वामी .ष्णानंद सरस्वती किशन गुरु जी का दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।

# लखनऊ की रुखसार ने लंदन में काउंसलर का जीता चुनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ की बेटी रुखसार हसन असकरी ने लंदन में काउंसलर चुनाव जीतकर शहर और देश का नाम रौशन किया है। रुखसार ने सटन वार्ड सीट से चुनाव लड़ते हुए शानदार जीत दर्ज की। रुखसार हसन को कुल 1593 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी ग्रीन पार्टी के उम्मीदवार को महज 448 वोट ही मिल सके। रुखसार की इस बड़ी जीत को क्षेत्र में उनके सामाजिक कार्यों और लोकप्रियता का परिणाम माना जा रहा है। नवाबों के शहर लखनऊ में पली–बढ़ीं रुखसार ने शहर के मशहूर स्कूल ला मार्टिनियर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की थी। पढ़ाई के साथ–साथ उन्होंने खेलों में मुख्य रूप से स्विमिंग प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। करीब 13 साल पहले वह लंदन शिफ्ट हो गई थीं। जहां उन्होंने बैरिस्टर की डिग्री हासिल कर लॉ फर्म में सेवाएं दीं। करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी जॉइन की और लगातार सामाजिक मुद्दों पर काम किया। उनके सक्रिय कार्यों को देखते हुए पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। जिस पर उन्होंने एक बहुत ही बेहतरीन जीत हासिल की। रुखसार की इस सफलता पर लखनऊ में भी खुशी का माहौल है। इस संबंध में रुखसार के मामा कफील हैदर ने बताया कि जब से भांजी के पार्षद चुनाव जीतने की खबर मिली है। उनके घर परिवार में खुशी का माहौल है। रुखसार के पिता महमूद काजमी का इंतकाल उसके बचपन में ही हो गया था। वह इंजीनियर थे। मां आबिदा लखनऊ में ही सहारा इंडिया में नौकरी करती थीं। वह कंपनी के काम के सिलसिले में लंदन चली गई थी। इसके बाद रुखसार भी 12वीं पास करने के बाद लंदन की बोर्डिंग में रहकर लॉ की पढ़ाई करने लगीं। रुखसार के नाना मिर्जा जलालुद्दीन हैदर कश्मीरी



मोहल्ले के निवासी थे और एक प्रतिष्ठित समाजसेवी के साथ ही पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षक थे। रुखसार अब लंदन में ही रहकर आगामी असेंबली चुनाव और फिर वहां संसद सदस्य का चुनाव लड़ना चाहती है।

# अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नांगल, बिजनौर। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार अपराध और अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम कामराजपुर निवासी नासिर पुत्र सगीर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना नांगल में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उस पर पूर्व में गोवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा, कांस्टेबल रोहित और कांस्टेबल संजय शामिल रहे।

# महाराणा प्रताप चौक पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही

**– मोडिफाइड साइलेंसर वाली 2 बुलेट सीज, 12 वाहनों पर चालान**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार मोडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हार्न के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज 11 मई को महाराणा प्रताप चौक पर परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोडिफाइड



साइलेंसर लगे 2 बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज किया गया, जबकि 07 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले 05 वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई। आरटीओ प्रवर्तन उदय वीर सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। एआरटीओ परिवहन श्यामलाल ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा अनधि.त मोडिफिकेशन और प्रतिबंधित उपकरणों के उपयोग से बचें, ताकि सुरक्षित और शांतिपूर्ण यातायात व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# केन नदी की तबाही पर लगेगी लगाम, योगी सरकार ने खोली तिजोरी

**- साढ़े 6 करोड़ की लागत से अलोना गांव के पास कटाव रोकने का काम शुरू**

**- बाढ़ और भूमि कटान से गांवों को मिलेगी मुक्ति**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड के किसानों और नदी किनारे बसे ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। हर साल केन नदी के रौद्र रूप और भू–कटाव की मार झेलने वाले पैलानी तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को अब बेघर नहीं होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बांदा में बाढ़ और कटान को जड़ से खत्म करने के लिए कमर कस ली है। शासन ने इसके लिए 6.94 करोड़ रुपये की लागत से बड़े कटाव निरोधक प्रोजेक्ट को मंजूरी देते हुए मिशन मोड में काम शुरू करवा दिया है। अलोना व आसपास के गांवों को मिलेगी नई जिंदगी केन नदी की लहरों से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले पैलानी तहसील के अलोना व आसपास के गांवों में कटाव रोकने के लिए युद्धस्तर पर कार्य



किया जा रहा है। सिंचाई एवं जल संसाधन (जल शक्ति विभाग) को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरा करने का जिम्मा सौंपा गया है। योगी सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि मानसून आने से पहले यानी जून माह तक यह प्रोजेक्ट हर हाल में पूरा कर लिया जाए ताकि इस बार की बारिश में ग्रामीणों को पुरानी मुश्किलों का सामना न करना पड़े। किसानों के लिए सुरक्षा कवच बनी योगी सरकार बरसात के दिनों में केन नदी न केवल गांवों को डुबोती थी। बल्कि किसानों की उपजाऊ भूमि को भी अपने साथ बहा ले जाती थी। अब इस प्रोजेक्ट के जरिए बोल्डर और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नदी की धारा को नियंत्रित किया जाएगा। पैलानी तहसील क्षेत्र के किसानों के लिए इसे योगी सरकार का एक बड़ा सुरक्षा तोहफा माना जा रहा है। ग्रामीणों में उत्साह, सरकार के काम की सराहना पैलानी क्षेत्र के निवासियों ने सरकार के इस त्वरित कदम पर खुशी जाहिर की है। ग्रामीणों का कहना है कि दशकों से वे कटान की समस्या से परेशान थे लेकिन वर्तमान सरकार ने उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। जल शक्ति विभाग की टीमें जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने की जुगत में लगी हुई हैं ताकि निधारित समय सीमा के भीतर काम पूरा किया जा सके।

# पुलिस लाइन में मृत पुलिस कर्मी को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**– मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधा हरसंभव मदद का दिया आश्वासन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में मृत पुलिस कर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई। गौरतलब हो



कि पुलिस लाइन में तैनात मु0आ0 भास्कर द्विवेदी निवासी निरिया थाना करछना जनपद प्रयागराज के रहने वाले थे एवं 01 नवंबर 1986 को आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे। पुलिस लाइन ड्यूटी जाते समय सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा 11 मई 2026 को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस लाइन में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम राजेश एस व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल सहित समस्त पुलिस परिवार द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों द्वारा मृत पुलिस कर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढस बंधाते हुए सात्वना दी गई। उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है।

# चलती कार बनी आग का गोला

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिले के जेल रोड में चलती कार आग का गोला बन गई और मिनटों में धू धू कर जलकर खाक हो गई कार चालक गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई है देखते ही देखते



इलाके में अफरा तफरी और भगदड़ मच गई। जलती कार में भयंकर ब्लास्ट हुआ, वीडियो बनाते लोग जान बचाकर भाग पड़े। बता दें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड के रिहायशी इलाके में यह बड़ी घटना है आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी और समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

# राजस्व कार्यो की खराब रैंकिंग पर डीएम का सख्त रुख

**- लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्टेट सभागार कक्ष में राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक की, जिले की राजस्व रैंकिंग में खराब प्रदर्शन होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यो में शिथिलता अक्षम्य है, जो अधिकारी परिणाम नही देंगे। वह गम्भीर कार्यवाही के लिए तैयार रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यो में उदासीनता अक्षम्य है। अगले माह तक सुधार न होने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध गम्भीर दण्डात्मक कार्यवाही और एडवर्स एंट्री दी जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई वाद उच्च न्यायालय या राजस्व परिषद द्वारा समयबद्ध है, तो उसे प्राथमिकता पर निपटाएं, जो सबसे पुराने केसेज है, उनका निस्तारण अवश्य करें, पेण्डेंसी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, ऐसे केसेज जिनका निस्तारण न करने पर लॉ एण्ड ऑर्डर प्रभावित हो सकता है तो उसका निस्तारण त्वरित करें। जो भी केस पांच साल से उपर के है। वह इस महीने अवश्य निस्तारित हो जाए। जिन–जिन तहसीलदारों के पास सबसे ज्यादा केस पैण्डिंग है। जिलाधिकारी ने उन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, धारा–80 के सम्बन्ध



में जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि प्राधिकरण स्तर से एन0ओ0सी0 जल्द दिलाए ताकि निस्तारण में बाधा न आए। धारा–38(2) अभिलेख त्रुटि में सदर तहसील में सर्वाधिक लम्बित मामले पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संसाधनों की कमी के बहाने को खारिज कर दिया, उन्होंने कहा कि टेक्नोलोजी का सहारा लें, अगले महीने एक भी पेण्डेंसी नही रहनी चाहिए। जिले में 5 साल से अधिक लम्बित 59 केस पाए गए, जिनमे सर्वाधिक टूण्डला में पाए गए, एसडीएम न्यायिक टूण्डला को इस पर जिलाधिकारी द्वारा अत्याधिक नाराजगी व्यक्त की गयी, जिलाधिकारी ने कहा कि इन कैसेज को एक महीने के अंदर निस्तारित करें अन्यथा की स्थिति में गम्भीरतम कार्यवाही के लिए तैयार रहें। आय प्रमाण पत्र स्तर पर भी पेण्डेंसी पाए जाने पर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखाई दिए। यह पेण्डेंसी अत्याधिक सदर तहसील में दिखाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत ही खेद का विषय है कि आय प्रमाण पत्र जैसे जनहितकारी मामलों में भी पेण्डेंसी है। उन्होने इसे त्वरित निस्तारण करने के आदेश दिए, इसी तरह एंटी भू–माफिया में 25 शिकायतें लम्बित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। यह सर्वाधिक पेण्डेंसी तहसीलदार सिरसागंज के यहां पाई गयी जिसमें जिलाधिकारी ने इस पर भी इनको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। धारा–98 के तहत लम्बित 92 मामलों को तीन दिन में निस्तारित करने और धारा–34 (सर्वाधिक पेण्डेंसी शिकोहाबाद) में टालमटोल की नीति छोड़कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली अमीन और चपरासी के वेतन का कम से कम 10 गुना होना चाहिए, अमीनो की कार्यप्रणाली पर नजर रखने के लिए गूगलशीट पर डाटा तैयार कर लें और दैनिक भ्रमण पंजिका बनाए। अंत में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि जिला और तहसील प्रदेश स्तर पर अण्डर 5 रैंकिंग में नही आते है, तो यह अधिकारियों की कार्य के प्रति उदासीनता मानी जाएगी, अगले महीने तक यह स्थिति नही सुधरी तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी सहित सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहें।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था ने बांटे लंच पैकेट

**– जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गो व बच्चों के लिए सहारा बनी संस्था**

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में जरूरतमंद परिवारों, बच्चों एवं राहगीरों में शुद्ध शाकाहारी भोजन का वितरण किया गया। भोजन पाकर महिलाओं एवं बुजुर्गों ने खुशी का इजहार किया बच्चों के लिए संस्था की ओर से केक की व्यवस्था की गई थी जिसको पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम की सफलता को और भी विशेष बना दिया बच्चों की खुशी से पूरी टीम को दोबारा इस तरह के कल्याणकारी कार्य करने की प्रेरणा जरूर दी, हेल्पिंग



द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए समर्पित रहा है। सहयोगियों की मदद से संस्था आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जनहितकारी कार्य करता रहेगा। संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी ने टीम के इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारीगण जिसमें संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, उपाध्यक्ष जावेद खान, वरिष्ठ सहयोगी सुनील सक्सेना, सलाहकार आरिफ खान, संगठन मंत्री शेख रिजवान, उपसचिव आसिफ मसूदी, कोषाध्यक्ष अनस उल्ला खान, शाखा प्रमुख भरत हार्डवेट, शाखा प्रमुख मर्दननाका मोहम्मद नफीस, महामंत्री शहबाज खान हनी, शाखा प्रमुख खाईपार अली खान, शाखा प्रमुख मड़ियान नाका सनी सिकंदर, सदस्य उरूज आदि मौके पर उपस्थित रहे एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, उपाध्यक्ष कलीम उल्लाह, सचिव उमर अली, कानूनी सलाहकार एड0 समीर उल हक, शाखा प्रमुख काशिफ खान, शाखा प्रमुख साजिद अली, शाखा प्रमुख इरशाद हुसैन, शाखा प्रमुख मोहम्मद अजहर, सलाहकार शिफात खान, शादाब, शाखा प्रमुख इरशाद हुसैन, विक्की खान, उस्मान, इमरान, हसीब, ब्रजबिहारी आदि सहयोगी रहे।

# यूपी बोर्ड टॉपर छात्रा सृष्टि चौहान बनीं एक दिन की डीएम



न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। शासन की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सृष्टि चौहान को एक दिन के लिए जिलाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने छात्रा का स्वागत करते हुए उसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सृष्टि चौहान ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों को समझा तथा अधिकारियों के साथ बैठक में भी भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं के प्रति प्रेरित करना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सात साल बाद भी प्यासा भतौरा, करोड़ों की पानी टंकी बनी शोपीस

न्यूज वाणी ब्यूरो/गाजीपुर। विकास योजनाओं के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा फर्क गहमर क्षेत्र के भतौरा गांव में साफ दिखाई दे रहा है। वर्ष 2018 में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई जल निगम की पानी टंकी सात साल बाद भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सकी। घर–घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना आज तक शुरू नहीं हो पाई है। हालात यह हैं कि गांव के लोग आज भी हैंडपंप के दूषित पानी पर निर्भर हैं, जबकि टंकी परिसर में अधिकतर समय ताला लटका रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के समय बड़े–बड़े दावे किए गए थे। पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने की बात कही गई थी, लेकिन योजना सिर्फ कागजों और निर्माण तक सीमित रह गई। गांव में न तो नियमित जलापूर्ति शुरू हुई और न ही विभागीय कर्मचारी कभी मौके पर दिखाई देते हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है। प्रधान अजीत सिंह यादव, योगेंद्रनाथ राय, रमेश राय, रामप्रताप यादव और डीके गुप्ता समेत कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते जलापूर्ति शुरू हो जाती तो गांव के लोगों को दूषित पानी पीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में हैंडपंप का पानी भी पर्याप्त नहीं मिलता और जो पानी निकलता है उसकी गुणवत्ता को लेकर हमेशा आशंका बनी रहती है। गांव में संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि योजना का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य पूरा दिखाकर सरकारी धन खर्च करना था। सात साल बीत जाने के बाद भी गांव को इसका लाभ नहीं मिल सका। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उधर, भदौरा ब्लॉक के बीडीओ केके सिंह ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए जाएंगे और जल्द



जलापूर्ति व्यवस्था शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर सात वर्षों से बंद पड़ी योजना कब चालू होगी और गांव को शुद्ध पेयजल मिल पाएगा।

# आरपीएफ का अभियान, रेलवे की जमीन से अवैध कब्जे हटाए

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। रेलवे प्रशासन ने जैतरा रेलवे फाटक के समीप रेलवे भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। मंडलीय रेल प्रबंधक के निर्देश पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया और लोगों को दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान रेलवे की जमीन पर बनाए गए अस्थायी ढांचे और अन्य अवैध निर्माण हटाए गए। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार रेलवे संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जैतरा फाटक के अलावा अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया गया है, जहां जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से स्वयं अवैध कब्जे हटाने की अपील की है, अन्यथा जेसीबी से ध्वस्तीकरण कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दोना-पत्तल मेकिंग मशीन के लिए आवेदन आमंत्रित

## – ग्रामोद्योग विभाग ने युवाओं और महिलाओं को दिया स्वरोजगार का अवसर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित टूलकिट्स योजना के अंतर्गत जनपद में मोटराइज्ड दोना–पत्तल मेकिंग मशीन वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026–27 के लिए जनपद में कुल 8 मशीनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। योजना के तहत ऐसे व्यक्ति, महिलाएं एवं युवक–युवतियां आवेदन कर सकते हैं जो इस उद्योग में रुचि रखते हों तथा उनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है और इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई 2026 तक उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के अनुसार यह योजना स्वरोजगार को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एसडी फील्ड, इटावा में संपर्क किया जा सकता है। विभाग द्वारा मोबाइल नंबर 8299731094 एवं 9580503183 भी जारी किए गए हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में लूट की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार

## - फायरिंग के बाद घेराबंदी कर दबोचे, अवैध हथियार व स्कॉर्पियो बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी



कार्रवाई करते हुए लूट की योजना बना रहे दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरतार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की काली स्कॉर्पियो बरामद की है। कार्रवाई थाना वैदपुरा और थाना बसरेहर पुलिस ने संयुक्त रूप से की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 11/12 मई की रात थाना वैदपुरा पुलिस ग्राम छितौनी से खरदूली मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट की काली स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्ति किसी बड़ी लूट की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने खरदूली क्षेत्र में घेराबंदी शुरू की। पुलिस टीम को देखकर बदमाश फायरिंग करते हुए खरदूली से इटगांव की ओर भागने लगे। सूचना पर थाना बसरेहर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों ओर से घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, जिसमें थाना वैदपुरा की सरकारी गाड़ी की दाहिनी ओर की लाइट क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त सिकंदर उर्फ अखिल के दोनों पैरों में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को चकबा बुजुर्ग जाने वाले रास्ते से गिरतार कर लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। गिरतार अभियुक्तों की तलाशी में पुलिस ने दो अवैध तमंचे 315 बोर, पांच खोखा कारतूस, चार जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की एक काली स्कॉर्पियो बरामद की। पूछताछ में अभियुक्तों ने क्षेत्र में बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की योजना की बात स्वीकार की। गिरतार अभियुक्तों की पहचान सिकंदर उर्फ अखिल निवासी ग्राम कुनैरा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी तथा नितिन उर्फ छोटू निवासी ग्राम कुनैरा थाना वैदपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सिकंदर उर्फ अखिल हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट एवं आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। घटना के संबंध में थाना वैदपुरा पर मु0अ0सं0 40/2026 धारा 109(1)/312 बीएनएस एवं 3, 25, 27 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं बरामद स्कॉर्पियो को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वैदपुरा नागेंद्र चौधरी, थाना प्रभारी बसरेहर एवं उनकी पुलिस टीमें शामिल रहीं।

# विदेश में रोजगार का सुनहरा अवसर

## – सऊदी अरब में तकनीकी पदों पर होगी भर्ती, युवाओं को मिलेगा एक लाख तक वेतन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार मिशन के तहत प्रदेश के कुशल युवाओं को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 24 से 48 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि फैब्रिकेशन सुपरवाइजर, स्ट्रक्चरल फैब्रिकेटर, मैकेनिकल टेक्नीशियन, सीएस वेल्डर, पाइप फैब्रिकेटर, मैकेनिकल फिटर, फैब्रिकेशन फोरमैन तथा मैकेनिकल हेल्पर सहित विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा। भर्ती के लिए संबंधित ट्रेड में तीन से पांच वर्ष का अनुभव अनिवार्य रखा गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते रोजगार संगम पोर्टल पर आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# गौवंश संरक्षण के लिए विकास भवन में बना कंट्रोल रूम

## – गौशालाओं की निगरानी और शिकायत निस्तारण होगा तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में निराश्रित गौवंशों की बेहतर देखभाल और त्वरित शिकायत निस्तारण के उद्देश्य से विकास भवन परिसर में



गौशाला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। कंट्रोल रूम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गौवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जनपद की विभिन्न गौशालाओं की नियमित निगरानी की जाएगी तथा निराश्रित गौवंशों से संबंधित शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में चारा, पानी, साफ–सफाई और उपचार की समुचित व्यवस्था बनाए रखी जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम के जरिए जनपद की सभी गौशालाओं से नियमित जानकारी प्राप्त की जाएगी, जिससे गौवंशों की देखभाल और व्यवस्थाओं में और सुधार लाया जा सकेगा। कार्यक्रम में डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. दिलीप यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने शहर की विभिन्न सड़कों का किया निरीक्षण

## - कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आज शहर की विभिन्न सड़कों का निरीक्षण कर निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने शहर के प्रमुख मार्गों में सिचाई विभाग, विकास भवन, पी0जी0कालेज, आदर्श बाजार, नवीन स्टेडियम, आई0टी0आई0 चौराहा होते हुए शास्त्री नगर एवं निर्माणाधीन सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही



या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने पी0डब्लू डी0के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 मई तक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए, जिससे नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जाएं तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं समय–समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर के विकास एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़क निर्माण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण बिल के समर्थन में भाजपा का प्रदर्शन

## – सपा सांसद के आवास पर दूसरे दिन भी धरना, जमकर हुई नारेबाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 का विरोध विपक्षी दलों को भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में सपा सांसद जितेंद्र दोहरे के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित आवास पर भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। भर्थना विधानसभा क्षेत्र की मातृशक्ति के नेतृत्व




में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सपा सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में महिलाओं ने महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, नारी शक्ति का विरोध बंद करो, महिला विरोधी सोच मुर्दाबाद, समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, कांग्रेस मुर्दाबाद, जितेंद्र दोहरे मुर्दाबाद, डिंपल यादव मुर्दाबाद और प्रियंका वाड्रा मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने लोकसभा में इसका विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य ने कहा कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में मतदान कर यह साबित कर दिया है कि वे महिलाओं के हितैषी नहीं हैं। भाजपा सदैव महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में महिलाएं विपक्षी दलों को करारा जवाब देंगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, सभासद पूनम पांडेय, नामित सभासद ममता शाक्य, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौबे, जिला मंत्री मधु तोमर, लोकसभा अभियान संयोजक नीतू नारायण मिश्रा, प्रीति दुबे, ममता कुशवाहा, राधा पाल, सोनिया चक, सोनी कठेरिया, सुशीला चतुर्वेदी, दीपा तिवारी, सुमन कठेरिया, केशवती, गोपिका, लक्ष्मी, पूजा सिसोदिया, उमा देवी, सुधा पाल, सुषमा शर्मा, प्रीति पाल, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष .पा नारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, बासु चौधरी, अमित तिवारी, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मंडल अध्यक्ष विनोद चौहान, अमर चंद सविता, प्रभात चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# भीषण गर्मी से राहत हेतु निःशुल्क शीतल पेयजल, छबील शिविर का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भीषण गर्मी से आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से प्रेरणाश्रोत जिलाधिकारी अमित आसेरी के निर्देशन में आज जजी चौराहा में डीआर पब्लिक इण्टर कॉलेज एवं डीआर क्रिकेट अकाडमी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क शीतल पेयजल, छबील शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव द्वारा राहगीरों को शीतल जल, पेठा एवं बिस्कुट वितरित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने डीआर पब्लिक इण्टर कॉलेज के चेयरमैन चंद्रमौली भारद्वाज द्वारा किए जा रहे इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर डी० आर० पब्लिक इण्टर कॉलेज के चेयरमैन चंद्रमौली भारद्वाज, वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप सविता, डीआर क्रिकेट अकाडमी के कोच राममिलन गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार सुनील सक्सेना, अंतरराष्ट्रीय शूटर रामेंद्र शर्मा, व्यापारी मनोज जैन, प्रधानाचार्य सुनील त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रवक्ता पीयूष द्विवेदी, विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार, मनीष सिंह सहित विद्यालय के छात्र एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने इस




आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह सेवा शिविर राहगीरों के लिए भीषण गर्मी में राहत का केंद्र बना और सामाजिक सेवा की मिसाल प्रस्तुत की।

# डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रवलिया का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सदर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रवलिया का जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक–एक बच्चो से उनके शिक्षा –पढ़ाई से सम्बन्धित उनका परिचय लिया एवं बच्चो से उनके नाम एवं उनके पिता का नाम पूछा गया।

जिलाधिकारी ने बच्चो को शुभ वचन आशिर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रधानाचार्य, अध्यापिका को शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ायी जाय जिससे उनके भविष्य के साथ–साथ मेरा देश भी आगे बड़े। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के निरीक्षण के दौरान क्लास–06 में पहुचे जहा एक छात्रा को अंग्रेजी की बुक पढ़ाकर उसकी बुद्धी एवं शिक्षा की गुणवत्ता का परीक्षण लिया। क्लाक के दौरान कुछ बच्चो द्वारा ड्रेस नही पहन्ने पर तत्काल बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि एक अभियान चलाकर विभाग द्वारा प्रदान किये गये ड्रेस एवं अन्य सामानो को बच्चो के अभिभावक से मिलकर उनके शिक्षा एवं ड्रेस, बैग, जूता मोजे के साथ विद्यालय में तैयार करके भेजा जाय यह अपील किया जाय। जिन बच्चो के अभिभावक नही दे पा रहे है उन्हें विभाग द्वारा सारी व्यवस्थाये उपलब्ध करायी जाय। कोई भी बच्चा बिना ड्रेस में न यह अध्यापक की भी जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होने जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालयो में प्रधानाचार्य, अध्यापक को निर्देशित किया कि क्लास के बच्चो को पाठक्रम में अनुसार प्लान के तहत पढ़ाया जाय एवं अभ्यास के अन्त में बच्चो को टेस्ट लिया जाय। साथ ही बच्चे घर जाते है तो उन्हे होम वर्क भी दिया जाय जिससे दिये गये बच्चो का होम वर्क अगले दिन चेक भी किया जाय। जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में टाइम टेबल क्लास के अन्दर लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, (आर0ओ), साथ ही शौचालय की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाये तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया तथा पूरा करने के उपरान्त उनका विडियो बनाकर मुझे अवगत करायी जाय। उन्होने समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया है कि विद्यालय में पेयजल (आर0ओ), शौचालय की साफ–साफाई, कमरे में बच्चो की बैठने की व्यवस्था, उनके ड्रेस, जूते, मोजे और बैग के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पायी जाती है तो विद्यालय के प्रधानाचार्य की तय होगी।

# वीएफएस ग्लोबल की नई पहल: भारत के 12 शहरों में शुरू हुए 'प्रीमियम एप्लिकेशन सेंटर्स', अब यूके वीज़ा आवेदन होगा और भी आसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

यूपी/लखनऊ भारत से यूनाइटेड किंगडम (न्ज्ञ) जाने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या




और वीज़ा आवेदन की प्रक्रिया को अधिक सुखद बनाने के उद्देश्य से वीएफएस ग्लोबल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने अब पूरे भारत में 12 प्रीमियम एप्लिकेशन सेंटर्स (च।ब) का नेटवर्क संचालित करना शुरू कर दिया है। ये केंद्र उन आवेदकों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो वीज़ा प्रक्रिया के दौरान अधिक गोपनीयता, सुविधा और समय की बचत चाहते हैं। किनके लिए है यह सुविधा? ये प्रीमियम सेंटर्स विशेष रूप से बिज़नेस ट्रैवलर्स, परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और व्यस्त पेशेवरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। यहाँ ग्राहकों को मानक केंद्रों की तुलना में अधिक शांत और विशिष्ट वातावरण मिलता है प्रीमियम एप्लिकेशन सेंटर (च।ब) की मुख्य विशेषताएं इन केंद्रों को चुनने वाले आवेदकों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे व्यक्तिगत सहायतारू समर्पित स्टाफ द्वारा आवेदन प्रक्रिया में मदद न्यूनतम प्रतीक्षा समयरू भीड़–भाड़ से बचते हुए कम समय में काम पूरा होना। बेहतर सुविधाएंरू आरामदायक बैठने की व्यवस्था और शांत वातावरण अतिरिक्त सेवाएंरू बायोमेट्रिक पंजीकरण, दस्तावेज़ अपलोड और खान–पान की सुविधाएं (स्थान के अनुसार) अतिरिक्त वैल्यू–एडेड सेवाएंरू जैसे कि न्ज्ञटप् अकाउंट बनाने में सहायता। इन 12 शहरों में उपलब्ध है सुविधा वीएफएस ग्लोबलस ने उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक प्रमुख उभरते शहरों को कवर किया है लखनऊ ,नोएडा (उत्तर प्रदेश) अमृतसर , लुधियाना (पंजाब) इंदौर ,भोपाल (मध्य प्रदेश) भुवनेश्वर (ओडिशा) गुवाहाटी (असम) विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) कोयंबटूर (तमिलनाडु) कालीकट (केरल) मैंगलोर (कर्नाटक) अधिकारियों का क्या कहना है? वीएफएस ग्लोबलस (दक्षिण एशिया) की मुख्य परिचालन अधिकारी, युम्मी तलवार ने कहा आज के भारतीय यात्री सुविधा और लचीलेपन को प्राथमिकता देते हैं। हमारे प्रीमियम सेंटर्स सुरक्षा और अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए ग्राहकों को एक व्यक्तिगत और सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान करते हैं। महत्वपूर्ण जानकारीरू आवेदन से पहले जान लें वैकल्पिक सेवारू प्रीमियम सेंटर का चयन पूरी तरह स्वैच्छिक है। इसके लिए आवेदकों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा निर्णय प्रक्रियारू वीएफएस ग्लोबल ने स्पष्ट किया है कि प्रीमियम सेवा लेने से वीज़ा मिलने की संभावना या परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वीज़ा देने का अंतिम निर्णय पूरी तरह से न्ज्ञ टपें दक प्उउपहतंजपवद (न्ज्ञटप्) का होता है मानक विकल्परू जो ग्राहक अतिरिक्त शुल्क नहीं देना चाहते, वे हमेशा की तरह मानक वीज़ा केंद्रों पर अपना अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

# सोते समय पिता ने नाबालिग बेटी का गला दबाकर की हत्या

## – प्रेम प्रसंग बना मौत की वजह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के रिसिया थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने कथित तौर पर अपनी नाबालिग बेटी की सोते समय गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पिता बगल में चारपाई डालकर रात भर सोता रहा, जिससे पूरा गांव सन्न रह गया।

जानकारी के अनुसार मृतका का एक मुस्लिम युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात से पिता गहरा आहत और आक्रोशित था। बताया जा रहा है कि इसी मानसिक तनाव और गुस्से में आकर उसने रात के अंधेरे में सोती हुई बेटी का गला दबा दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह का मंजर भयावह था। जब मां नींद से उठी तो बेटी को मृत अवस्था में पाया। चीख–पुकार मचते ही ग्रामीण मौके पर जुटे और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। आरोपी पिता को पुलिस ने गिरतार कर लिया है और इस प्रकरण से संबंधित जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## - आशा चयन, टीबी अभियान व आयुष्मान योजना की प्रगति पर जताई नाराजगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के चयन की समीक्षा के दौरान कई विकास खंडों में चयन प्रक्रिया अधूरी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जसवंतनगर में 44, महेवा में 31 के सापेक्ष 7, बसरेहर में 18, भरथना में 16, बढ़पुरा में 38, ताखा में 15, चकरनगर में 10 तथा सैफई में 28 आशाओं का चयन शेष पाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने और एफएसटी में शून्य स्थिति समाप्त करने के निर्देश दिए गए। पीपीआईयूसीडी इंसर्शन की प्रगति में पिछड़े क्षेत्रों में सुधार लाने पर भी जोर दिया गया। अंतरा इंजेक्शन योजना



की समीक्षा में अप्रैल 2025 की तुलना में अप्रैल 2026 में लाभार्थियों की संख्या कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिंता जताई और सभी स्थानों पर दवाओं एवं इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2025 में 1060 के मुकाबले अप्रैल 2026 में 1089 संस्थागत प्रसव हुए हैं। सीएचसी एवं जिला महिला चिकित्सालय में सिजेरियन सेवाओं की समीक्षा करते हुए सर्सईनावर अस्पताल में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मासिक डेटा रिपोर्ट की समीक्षा में कई ब्लॉकों की प्रगति विभागीय लक्ष्य 95 प्रतिशत से काफी कम पाई गई। ताखा 57.39 प्रतिशत, सैफई 70.80 प्रतिशत, भरथना 72.22 प्रतिशत, जसवंतनगर 71.45 प्रतिशत, बढ़पुरा 79.34 प्रतिशत तथा बसरेहर 76.33 प्रतिशत प्रगति पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संयुक्त प्रयास कर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। आरबीएसके स्कूल उपलब्धि 94.03 प्रतिशत तथा आरबीएसके एवं आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्धि 93.18 प्रतिशत पाई गई। ई–संजीवनी सेवाओं में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए। समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट (सीबीएसी) की फील्ड फाइलिंग में जसवंतनगर, भरथना एवं बढ़पुरा की स्थिति बेहद कम पाए जाने पर नाराजगी जताई गई। वहीं ब्लॉकवार स्क्रीनिंग में जसवंतनगर और भरथना की स्थिति मात्र 0.7 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। टीबी नोटिफिकेशन की समीक्षा में जनपद की कुल प्रगति 81.85 प्रतिशत पाई गई। जिलाधिकारी ने गांवों से अधिक से अधिक सैंपल लेकर लैब भेजने तथा विशेष अभियान चलाकर टीबी मरीजों की पहचान बढ़ाने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान में 519 नए मरीज चिन्हित किए गए हैं। बसरेहर, भरथना और इटावा क्षेत्र में अधिक मरीज पाए जाने पर विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। एनक्यूएएस मूल्यांकन 2026 की समीक्षा में कमियों को शीघ्र दूर कर मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में 34 इकाइयां संतोषजनक पाई गई हैं। स्वास्थ्य सूचकांकों पर आधारित रैंकिंग में प्रदेश के 75 जनपदों में 15वें स्थान पर है। आभा आईडी की समीक्षा में इटावा, चकरनगर और सैफई की स्थिति कमजोर पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना में बढ़पुरा, चकरनगर और ताखा की प्रगति कम पाए जाने पर नियमित समीक्षा करने को कहा गया। योजना के अंतर्गत 1088 आईडी में से 398 सक्रिय और 690 निष्क्रिय पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थिति में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) परितोष शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) अनिल कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायालय में निष्क्रिय फोटोस्टेट मशीनों की होगी नीलामी

## - 14 मई को आयोजित होगी बोली प्रक्रिया, 2 हजार रुपये रखी गई सुरक्षा धनराशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद न्यायालय परिसर में रखी निष्क्रिय फोटोस्टेट मशीनों की नीलामी 14 मई 2026 को अपराह्न 12.30 बजे न्यायालय भवन के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष नीलामी समिति एवं अपर जिला जज कोर्ट संख्या–12 अशोक कुमार दुबे–प्प द्वारा दी गई। नीलामी में शामिल की जाने वाली मशीनों में जेरॉक्स वर्कसेंटर–5024, कैनन इमेजरनर–2206, रिकोह एमपी–2501एल तथा क्योसेरा टास्कअल्फा–2201 मशीनें शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर न्यायालय सभागार में उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी में भाग लेने के लिए प्रत्येक बोलीदाता को 2 हजार रुपये की सुरक्षा धनराशि नकद अथवा बैंक ड्राट के माध्यम से कार्यालय नजारत में जमा करनी होगी। यह धनराशि उसी दिन सुबह 11 बजे तक जमा कराना अनिवार्य होगा। अधिकतम बोलीदाता को छोड़कर अन्य सभी प्रतिभागियों की जमा राशि नीलामी समाप्ति के बाद नियमानुसार वापस कर दी जाएगी। नीलामी में सफल बोलीदाता को कुल बोली राशि का 50 प्रतिशत तत्काल जमा करना होगा, जबकि शेष धनराशि तीन दिन के भीतर सामग्री उठाने से पूर्व जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकार अथवा निरस्त करने का अंतिम अधिकार जिला जज इटावा के पास सुरक्षित रहेगा। प्रत्येक प्रतिभागी को नीलामी फार्म भरकर स्थायी निवास प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड की प्रति के साथ नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी। नीलामी फार्म 100 रुपये शुल्क पर 14 मई को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक नजारत कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। नीलामी से संबंधित शर्तें एवं मशीनों की सूची केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी इटावा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

## – असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर कई विभागों की समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आईजीआरएस संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन स्तर पर आईजीआरएस रैंकिंग की लगातार समीक्षा की जाती है, इसलिए शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए तथा डिफाल्टर प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा में कई विभागों के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया गया। समीक्षा में .षि विभाग के 9 में से 8, वन विभाग के 8 में से 6, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के 9 में से 6, खान निरीक्षक के 5 में 5, एआरटीओ के 4 में 4, पंचायत विभाग के 4 में से 3, सिंचाई विभाग के 5 में से 3, मुख्य चिकित्साधिकारी के 2 में 2 तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी के 3 में से 2 प्रकरणों में असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। वहीं लोक निर्माण विभाग के 5 में से 1 तथा विद्युत विभाग के 3 में से 1 प्रकरण में शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया। जिलाधिकारी ने कहा कि कई विभाग गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर ध्यान नहीं दे रहे



हैं और शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गंभीरता से अध्ययन कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सकें। जिला स्तरीय हेल्पलाइन की समीक्षा में पूर्ति विभाग के 187 में से 44 प्रकरणों में असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निस्तारण की गुणवत्ता सुधारने और शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। ब्लॉक स्तरीय समीक्षा में ताखा विकास खंड के 4 में 4, बढ़पुरा के 9 में से 2 तथा महेवा के 3 में से 2 प्रकरणों में असंतोषजनक फीडबैक सामने आया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति, उप .षि निदेशक आरएन सिंह, डीएसटीओ रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सातवें दिन भी जारी पत्रकार का आमरण अनशन

## - अमेठी प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल,- किसान संगठनों का फूटा गुस्सा, बोले क्या प्रशासन को किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जनपद में पत्रकार त्रिपुरारी पांडेय का आमरण अनशन अब गंभीर मोड़ पर पहुंच चुका है। लगातार सातवें दिन भी अनशन जारी रहने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल न होने से स्थानीय लोगों, किसान संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बिगड़ती तबीयत के बीच चिकित्सकों की टीम अब तक कई बार धरना स्थल पहुंचकर प्राथमिक उपचार कर चुकी है, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की ओर से समाधान निकालने की दिशा में कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। धरना स्थल पर मौजूद लोगों का आरोप है कि पत्रकार त्रिपुरारी पांडेय को एक सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी मुकदमे में फंसाया गया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के एक व्यवसायी द्वारा खबर न छापने के दबाव में साइबर थाना गौरीगंज में मुकदमा दर्ज कराया गया। अनशनकारी पत्रकार का कहना है कि यदि उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी अमेठी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी। इधर विभिन्न किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों और मजदूर किसान पार्टी ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संगठनों का कहना है कि लगातार ज्ञापन सौंपे जाने और न्याय की मांग किए जाने के बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और दलित, मजदूर तथा किसानों के मुद्दे उठाने वाले पत्रकार को दबाने की कोशिश की जा रही है।




पत्रकार त्रिपुरारी पांडे के समर्थन में अब किसान और मजदूर संगठनों ने खुलकर मोर्चा संभाल लिया है। मजदूर किसान पार्टी द्वारा 11 मई को भेजे गए पत्र में कहा गया कि ग्राम भरथीपुर निवासी पत्रकार पिछले कई दिनों से न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं, लेकिन शासन–प्रशासन की संवेदनहीनता लगातार सामने आ रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि पत्रकार लगातार क्षेत्र में भ्रष्टाचार, दलित उत्पीड़न और मजदूर–किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं, जिसके कारण उन्हें निशाना बनाया गया। मजदूर किसान पार्टी ने डीजीपी से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने और अनशन समाप्त कराने की मांग की है। वहीं भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक भी पहले ही पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग कर चुकी है। धरना स्थल पर मौजूद किसान नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते मामले का समाधान नहीं किया गया और पत्रकार की हालत बिगड़ी तो पूरे जनपद में बड़ा आंदोलन खड़ा होगा। नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर अमेठी प्रशासन कब जागेगा? क्या किसी बड़ी घटना के बाद ही अधिकारियों की नींद खुलेगी? लगातार बिगड़ते हालात के बीच प्रशासन की निष्क्रियता अब जनाक्रोश का कारण बनती जा रही है।

# अश्परेशन कन्विक्शन के तहत सड़क हादसे के आरोपी को सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते सड़क दुर्घटना के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत की गई। थाना चकरनगर में पंजी.त मु0अ0सं0 91/2016 धारा 279/338 भादवि के मामले में एसीजेएम–2 न्यायालय ने अभियुक्त अवधेश पुत्र अनार सिंह निवासी बिरहरु थाना सैंया जनपद आगरा को न्यायालय उठने तक के कारावास एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इटावा पुलिस के अनुसार अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी किए जाने के कारण न्यायालय से आरोपी के विरुद्ध सजा सुनिश्चित कराई गई।

# भारत-नेपाल सीमा पर अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही में लाएं तेजी : डीएम

## - अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध होगी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 किमी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी नानपारा द्वारा अवगत गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत नो मैन्स लैण्ड पर 01 अतिक्रमण है, जो कि जीर्ण–शीर्ण मंदिर के रूप में है। उन्होंने बताया कि उक्त मंदिर में प्रतिस्थापित हेतु अन्य मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। डीएम ने एसडीएम नानपारा को निर्देश दिया कि एसएसबी एवं अन्य संबंधित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुये अग्रिम 15 दिवस में नियमानुसार नो–मेन्स लैण्ड पर स्थित अतिक्रमण को हटवा दिया जाय। बैठक में बताया गया कि भारत–नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 366 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 219 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 147 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 147 अवैध अतिक्रमण में से 113 पर वाद पंजी.त है। 34 प्रकरण (31–स्थायी व 03 अस्थायी) में वाद पंजी.त नहीं है। इस सम्बन्ध में एसडीएम व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया गया कि 31 प्रकरण, जो स्थायी प्र.ति के अवैध अतिक्रमणों में सम्बन्धित अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वाद पंजी.त कराना सुनिश्चित करें। एसडीएम नानपारा ने बताया कि वाद पंजी.त 113 प्रकरणों में से 56 प्रकरणों में बेदखली का आदेश पारित हो चुका है। 39 प्रकरणों में बाजदायर प्राप्त हुया है। 18



प्रकरण न्यायालय अपर सिविल जज बहराइच पर विचाराधीन है। एसडीएम ने बताया कि 56 प्रकरण जिनमें बेदखली का आदेश पारित हुआ है उनमें से 46 प्रकरण ऐसे है जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन है। 09 प्रकरणों में अन्य मकान या भूमि है तथा 01 स्थान पर मलंगशाह मजार बनी हुयी है। डीएम द्वारा एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि 46 प्रकरणों, जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन हैं, को चिन्हित करते हुये नियमानुसार आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा अवशेष 10 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण यथाशीघ्र हटाया जाना सुनिश्चित करें। एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्रान्तर्गत भारत–नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 184 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 46 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 138 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 138 अवैध अतिक्रमण में से 40 पर वाद पंजी.त है तथा 98 प्रकरण (87 प्रकरण नवीन परती के तथा 11 श्रेणी 6 भूमि से सम्बन्धित हैं) जिसमें को वाद पंजी.त नही है। इन 98 प्रकरणों से सम्बन्धित व्यक्तियों के पास दूसरा मकान नही है और भूमिहीन है। एसडीएम व तहसीलदार मिहींपुरवा को निर्देश दिया गया कि 98 प्रकरण, जिसमें सम्बन्धित व्यक्तियों के पास दूसरा मकान नहीं है और भूमिहीन है को चिन्हित करते हुये नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत आवास आवंटन कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने एसडीएम नानपारा व मिहींपुरवा को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर साप्ताहिक टास्क फोर्स की बैठक कराते हुये कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुये अग्रेतर कार्यवाही हेतु रूपरेखा तैयार करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच अपूर्वा दीक्षित, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, नानपारा की अमिता यादव, डिप्टी कमांडेन्ट, 59वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा अमित कुमार, 42वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा शशि भूषण, प्रभारी तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी, नायब तहसीलदारध्सहायक भूलेख अधिकारी राजेश कुमार यादव मौजूद रहे।

# बड़े मंगल पर भक्ति व सेवा का संगम, शहर भर में लगे भंडारे

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बड़े मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर श्रद्धालुओं द्वारा जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जहां राहगीरों और श्रद्धालुओं ने



प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भीषण गर्मी के बीच भंडारों में ठंडे पानी और शीतल पेय की व्यवस्था किए जाने से लोगों को राहत भी मिली। शहर के चौक रोड स्थित हजारीलाल के फाटक सहित कई प्रमुख स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। भक्तों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रसाद वितरण किया। राहगीरों, दुकानदारों और आम नागरिकों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों की सेवा भावना की सराहना की। हजारीलाल के फाटक में आयोजित भंडारे में विकास सोनी, मोनू सोनी, रामकेश सोनी, सुशील मोर, मयंक सिंह समेत कई भक्तगण मौजूद रहे और पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में जुटे रहे। बड़े मंगल के अवसर पर शहर भर में धार्मिक आस्था, सेवा और भाईचारे का सुंदर माहौल देखने को मिला।

# पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु आवेदन आमंत्रित

## - खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की टूलकिट योजना के तहत 8 मशीनों का होगा वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित टूलकिट योजना के अंतर्गत जनपद में पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026–27 के लिए जनपद को 08 पॉपकार्न मेकिंग मशीनों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति अथवा महिलाएं आवेदन कर सकते हैं, जो भुर्जी समाज से संबंधित हों तथा इस उद्योग में रुचि रखते हों। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 31 मई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एसडी फील्ड में संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 8299731094 एवं 9580503183 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# धारा 170 बीएनएसएस में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपदीय पुलिस द्वारा 12 मई को चलाए गए अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना चौबिया पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त कल्याण सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम राम नगरिया मौजा मूंज थाना चौबिया को गिरतार किया। वहीं थाना ऊसराहार पुलिस ने भी धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरतार किया। गिरतार अभियुक्तों में राजेश कुमार पुत्र इतवारी लाल निवासी नगला हवेलियां अड्डा थाना ऊसराहार तथा विश्व प्रताप सिंह उर्फ सौरव पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी नगला विजयी थाना ऊसराहार जनपद शामिल हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

# छत से गिरकर किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंदौली में मंगलवार की सुबह छत से गिरकर 11 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नंदौली गांव निवासी पप्पू का पुत्र शनि मंगलवार की सुबह छत पर किसी काम से गया था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गया। परिजन उसे लेकर बिन्दकी सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सीय उपचार के बाद सदर अस्पताल में लिए रेफर कर दिया गया। घर वाले उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ उठाएं दिव्यांग

## – पात्रता की शर्ते निर्धारित, आनलाइन करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर 15000, युवती के दिव्यांग होने पर 20000 एवं दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 रूपए की धनराशि निर्धारित है। उन्होने बताया कि इस योजना का लाभ पाने के लिए पात्रता की शर्तें निर्धारित की गई हैं। जिसमें शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम व 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की 18 से कम व 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। दम्पति आयकरदाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष (2025–26) एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष (2026–27) में हुआ हो। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष शादी प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण–पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, राष्ट्रीय.त बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण–पत्र एवं युवक व युवती का आधार कार्ड की छायाप्रति, आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है। साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति व वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय विकास भवन में प्राप्त कराएं।

# खेल मैदान पड़े अधूरे, नहीं लगे उपकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। ऐरायां विकास खंड में खेल मैदानों के निर्माण व सुंदरीकरण को लेकर मामला सामने आया है। यहां लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कई ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान अधूरे पड़े हैं और आवश्यक उपकरण तक नहीं लगाए गए हैं। विकास खंड की कुल नौ ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों के सुंदरीकरण, मिट्टी भराई और खेल उपकरणों की व्यवस्था के लिए लगभग प्रत्येक पंचायत में करीब पांच–पांच लाख रुपये का भुगतान किया गया था। इसके बावजूद कई स्थानों पर कार्य अधूरा है और मैदानों में खामियां साफ दिखाई दे रही हैं। विशेष रूप से शोहदमऊ, उमरपुर गौती और ऐरायां मशायक ग्राम पंचायतों में स्थिति ज्यादा खराब बताई जा रही है। यहां भुगतान के बाद भी खेल उपकरण नहीं लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणों और खिलाड़ियों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कागजों पर काम पूरा दिखाया गया, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मामले में अतिरिक्त कार्यक्रम खेल अधिकारी प्रेमदत्त निर्मल ने बताया कि सभी अधूरे पड़े खेल मैदानों के लिए सामग्री का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां के सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। संबंधित सचिवों का वेतन रोक दिया गया है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी अधूरे कार्य पूरे कराए जाएंगे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीडीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सचिवों से जानकारी मांगी गई है।

# पिता ने अपनी बेटी की गला दबाकर की हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। सुबह थाना रिसिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम भगतापुर में एक पिता द्वारा अपनी बेटी की हत्या कर दी गयी सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गयी तो पाया गया कि एक पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी जो गत रात्रि घर देर से आयी थी जिसको लेकर दोनों में आपस में कहासुनी हुयी थी जिसके उपरांत पिता द्वारा अपनी बेटी की गला दबा कर हत्या कर दी गयी थी जिसकी सूचना मृतका की मां द्वारा पुलिस को दी गयी थी। अभियुक्त को पुलिस द्वारा गिरतार करते हुये मृतका के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# श्रीकृष्ण वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव बने चौधरी राजेश यादव

## - राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- सर्वसमाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। श्री कृष्ण वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय यादव के प्रयागराज आगमन पर खागा पूर्वी बाईपास स्थित भूप यादव के आवास पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मथुरा से प्रयागराज जाते समय जैसे ही उनका काफिला खागा पूर्वी बाईपास पहुंचा, संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल–मालाओं, जोरदार नारों और गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। संगठन को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणा भी की गई। यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौधरी को श्री .ष्ण वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय यादव ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपते हुए कहा कि संगठन को ऐसे कर्मठ और जुझारू साथियों की आवश्यकता है, जो समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करें। नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव राजेश चौधरी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़ना, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और सामाजिक एकता को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय यादव ने कहा कि आज समाज को शिक्षा, संगठन और जागरूकता की सबसे अधिक आवश्यकता है। युवाओं को नशे और गलत गतिविधियों से दूर रखते हुए शिक्षा, रोजगार और समाजसेवा की दिशा में आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि श्री .ष्ण वाहिनी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सर्वसमाज के सम्मान, अधिकार और एकता की आवाज है। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कमल सिंह राजावत, निखिल राजावत, साजिद कुरैशी, भूप सिंह यादव, शिव सिंह यादव नगर अध्यक्ष, यशवंत सभासद सपा, दिनेश यादव, नरसिंह यादव, राहुल यादव, महेंद्र मास्टर, नरेंद्र सिंह यादव, उमेश यादव, ऋषि यादव, देवा यादव, विपिन सिंह सिंगरौर, पिंटू सिंह, अयान अहमद, महेंद्र सिंह, कुल्लू यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसो में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुए सड़क हादसो के दौरान दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी संतोष का 37 वर्षीय पुत्र रणधीर अपने गांव के ही साथी राजेश पुत्र बसन्त लाल के साथ बाइक से ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ मजदूरी करने ईट भट्ठा जा रहा था। जब यह लोग मुत्तौर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे ई–रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे रणधीर घायल हो गया। इसी प्रकार असोथर कस्बा निवासी धनंजय का 23 वर्षीय पुत्र अभिनव सिंह बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 05760/05759 न्यू जलपाईगुड़ी-आनंद विहार (ट.) विशेष रेलगाड़ी**

| 05760 न्यू जलपाईगुड़ी-आनंद विहार (ट.) | | | 05759 आनंद विहार (ट.)-न्यू जलपाईगुड़ी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:15 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:15 | -- |
| 09:20 | 09:25 | प्रयागराज | 11:20 | 11:25 |
| 12:25 | 12:30 | गोविंदपुरी | 08:45 | 08:50 |
| 00:20 | -- | आनंद विहार (ट.) | -- | 02:40 |

न्यू जलपाईगुड़ी से- गाड़ी सं. 05760 (शुक्रवार), दिनांक- 22.05.2026 तथा आनंद विहार (ट.) से- गाड़ी सं. 05759 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05664/05663 अगरतला-आनंद विहार (ट.) विशेष रेलगाड़ी**

| 05664 अगरतला-आनंद विहार (ट.) | | | 05663 आनंद विहार (ट.)-अगरतला | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:00 | अगरतला | 08:00 | -- |
| 09:40 | 09:45 | प्रयागराज | 11:55 | 12:00 |
| 12:45 | 12:50 | गोविंदपुरी | 09:20 | 09:25 |
| 00:30 | -- | आनंद विहार (ट.) | -- | 03:00 |

अगरतला से- गाड़ी सं. 05664 (बुधवार), दिनांक- 20.05.2026 तथा आनंद विहार (ट.) से- गाड़ी सं. 05663 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05666/05665 शिलचर-दिल्ली ज. विशेष रेलगाड़ी**

| 05666 शिलचर-दिल्ली जं. | | | 05665 दिल्ली जं.-शिलचर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:30 | शिलचर | 04:45 | -- |
| 12:10 | 12:15 | प्रयागराज | 11:30 | 11:35 |
| 15:20 | 15:25 | गोविंदपुरी | 08:55 | 09:00 |
| 00:50 | -- | दिल्ली जं. | -- | 02:45 |

शिलचर से- गाड़ी सं. 05666 (गुरूवार), दिनांक- 21.05.2026 तथा दिल्ली जं. से- गाड़ी सं. 05665 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05924/05923 न्यू तिनसुकिया जं.-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

| 05924 न्यू तिनसुकिया जं.-नई दिल्ली | | | 05923 नई दिल्ली-न्यू तिनसुकिया जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:00 | न्यू तिनसुकिया जं. | 04:00 | -- |
| 04:10 | 04:15 | प्रयागराज | 11:40 | 11:45 |
| 07:10 | 07:15 | गोविंदपुरी | 09:10 | 09:15 |
| 20:40 | -- | नई दिल्ली | -- | 02:50 |

न्यू तिनसुकिया जं. से- गाड़ी सं. 05924 (गुरूवार), दिनांक- 21.05.2026 तथा नई दिल्ली से- गाड़ी सं. 05923 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05926/05925 डिब्रुगढ़-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

| 05926 डिब्रुगढ़-नई दिल्ली | | | 05925 नई दिल्ली-डिब्रुगढ़ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:00 | डिब्रुगढ़ | 00:15 | -- |
| 12:40 | 12:45 | प्रयागराज | 12:05 | 12:10 |
| 15:50 | 15:55 | गोविंदपुरी | 09:30 | 09:35 |
| 01:40 | -- | नई दिल्ली | -- | 03:10 |

डिब्रुगढ़ से- गाड़ी सं. 05926 (गुरूवार), दिनांक- 21.05.2026 तथा नई दिल्ली से- गाड़ी सं. 05925 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05832/05831 नाहरलगुन-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

| 05832 नाहरलगुन-नई दिल्ली | | | 05831 नई दिल्ली-नाहरलगुन | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:15 | नाहरलगुन | 22:15 | -- |
| 03:05 | 03:10 | प्रयागराज | 12:30 | 12:35 |
| 06:10 | 06:15 | गोविंदपुरी | 09:55 | 10:00 |
| 18:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 03:50 |

नाहरलगुन से- गाड़ी सं. 05832 (गुरूवार), दिनांक- 21.05.2026 तथा नई दिल्ली से- गाड़ी सं. 05831 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 05758/05757 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

| 05758 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली | | | 05757 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 08:30 | -- |
| 17:35 | 17:40 | कानपुर सेंट्रल | 08:30 | 08:35 |
| 03:00 | -- | नई दिल्ली | -- | 01:15 |

न्यू जलपाईगुड़ी से- गाड़ी सं. 05758 (शुक्रवार), दिनांक- 22.05.2026 तथा नई दिल्ली से- गाड़ी सं. 05757 (सोमवार), दिनांक- 25.05.2026 संरचनाः स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1061/26 FA


# बिल पर सियासी संग्राम, भाजपा व सपा आमने-सामने

## - महिला जन आक्रोश अभियान के चौथे दिन फूटा गुस्सा, सपा सांसद के खिलाफ खोला मोर्चा

## - घंटों नारेबाजी के बीच भाजपा महिला कार्यकर्ताओं और सपा जिलाध्यक्ष में तीखी नोकझोंक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महिला आरक्षण बिल को लेकर छिड़ा राजनीतिक घमासान अब सड़कों पर खुलकर दिखाई देने लगा है। महिला जन आक्रोश अभियान के चौथे दिन मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। सांसद नरेश उत्तम के विरोध में उतरी महिलाओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए सपा के रुख को महिला विरोधी बताया। प्रदर्शन के दौरान माहौल उस समय और गर्मा गया जब समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर भाजपा महिला कार्यकर्ताओं और सपा जिलाध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। महिलाओं ने अखिलेश यादव मुर्दाबाद और महिलाओं का हक देना होगा जैसे नारे लगाए। वहीं कार्यालय के मुख्य गेट पर खड़े सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने भी जवाबी नारेबाजी करते हुए मोदी–योगी व भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक राजनीतिक वार–पलटवार चलता रहा, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप था कि देश में महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने के लिए आरक्षण की मांग की जा रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं का विरोध महिलाओं के अधिकारों को दबाने जैसा है। महिलाओं ने कहा कि सांसद नरेश उत्तम को संसद में महिलाओं की आवाज बनना चाहिए था, लेकिन उनके रुख ने क्षेत्र की आधी आबादी को निराश किया है। महिला



नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन केवल प्रतीकात्मक प्रदर्शन नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। यदि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण बिल पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया तो आने वाले चुनावों में महिलाएं इसका जवाब वोट की ताकत से देंगी। प्रदर्शन में प्रेम सिंह राठौर, सुशीला मौर्य, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, गायत्री सिंह, पुष्पा पासवान, मधु शर्मा, कल्पना सिंह, सरोज मौर्य, शैल त्रिपाठी, सुशील मौर्य, अनु सविता, अंजू त्रिपाठी, लक्ष्मी मौर्य, ज्ञान पासवान, ममता श्रीवास्तव सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# हीट वेव से बचाव की पहल, सड़कों पर दौड़ रही वाटर कैनन

## - प्रमुख मार्गों व बाजारों में कराया गया पानी का छिड़काव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण गर्मी व हीट वेव के प्रकोप से लोगों को राहत



दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट एवं अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में शहर के कई प्रमुख मार्गों, चौराहों और बाजारों में वाटर कैनन के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच नगर पालिका की इस पहल से राहगीरों, दुकानदारों और आम नागरिकों को काफी राहत महसूस हुई। पानी के छिड़काव से सड़कों पर उड़ रही धूल भी कम हुई और वातावरण में ठंडक बनी रही। नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन को राहत पहुंचाना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए नगर पालिका की टीमें लगातार सक्रिय हैं। पेयजल व्यवस्था, साफ–सफाई और छिड़काव जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। नगर पालिका की इस पहल को लेकर शहरवासियों ने भी संतोष जताया और कहा कि भीषण गर्मी के बीच यह व्यवस्था काफी राहत देने वाली साबित हो रही है।

# स्कूल बस चालकों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण

## - रेडक्रास के कार्यकारी चेयरमैन ने जरूरतमंदों को बाटे चश्मे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्कूल बस चालकों एवं परिचालकों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान एवं जगदम्बा आई क्लीनिक के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक अग्निहोत्री ने स्कूल बस चालकों और परिचालकों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान जिन लोगों की दृष्टि कमजोर पाई गई, उन्हें निःशुल्क चश्मे एवं आवश्यक औषधियां वितरित की गईं। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि




वाहन चालकों की आंखों की नियमित जांच बेहद जरूरी है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा सहायक संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# पीएम की अपील का दिखा असर, सूनी दिखीं सर्राफा की दुकानें

## - ज्वैलर्स में रोष, कहा दुकानदारों के साथ कर्मचारी भी होंगे प्रभावित
## - सरकार से अन्य रास्ता अपनाए जाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोने की खरीद को एक वर्ष के लिए स्थगित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद सर्राफा की दुकानों में सन्नाटा छाया है अधिकतर दुकानों में इक्का दुक्का ग्राहक ही दिखाई दिये। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाले ज्वैलर्स की दुकानो में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। शादी ब्याह के सहालग का मौसम होने के बाद भी ग्राहकों से खाली दुकानें देखकर ज्वैलर्स व उनके कर्मचारी भी निराश हैं। माथे में चिंता की लकीरें है। मालिकों की स्थिति का अंदाज़ा देखकर दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों में भी खुद के परिवार को चलाने में आने वाली समस्याओं को लेकर डर का माहौल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैष्विक उठा पटक वाले माहौल को देखते हुए मंहगाई को लेकर लोगों से बचत करने व गैर जरूरी चीज़ों की खपत को सीमित करने के साथ ही एक वर्ष के लिए सोने की खरीद को स्थगित करने की देशवासियों से अपील की थी। प्रधानमंत्री की अपील को देशवासी हमेशा गंभीरता से लेते है। पीएम की अपील पर सर्राफा कारोबारियों ने रोष व्यक्त किया खुद के व परिवार के प्रभावित होने व प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों व उनके परिवार के प्रभावित होने की दुहाई देते हुए अपील को वापस लेने व उनके लिए कोई अन्य व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं।

### सर्राफा कारोबारियों ने अपने-अपने अंदाज में बयां किया दर्द

फतेहपुर। सर्राफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पप्पन रसोगी का कहना रहा कि एक वर्ष के लिए सोने की खरीद को न करने की पीएम की अपील के बाद सर्राफा कारोबारियों की दुकाने ग्राहकों से सूनी है। दुकानों का भाड़ा, बिजली का बिल कर्मचारियों का वेतन जैसी समस्याओं से सर्राफा कारोबारी चिंतित है। अपने परिवार का भरण पोषण व बच्चों की पढ़ाई फीस फीस व इलाज आदि की समस्याओं को लेकर बेहद परेशान हैं। व्यापारियों के हिट में निर्णय न होने की दशा में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के द्वारा कोई निर्देश आने के बाद जिला स्तरीय कार्यक्रम तय होने की बात कही। उधर सर्राफा कारोबारी अनांद स्वरूप रस्तोगी देश हित मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर समर्थन जताते हैं। साथ ही सरकार से अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की अपील करते है। जिसमे लोगों के पास निवेश के लिए रखे हुए सोने के बदले बांड जारी करने व उसे जब चाहे करंट रेट पर बेचने की सहूलित हो। पीएम की अपील पर बताया कि शादी ब्याह पर सोने के अभूषद परंपरा का हिस्सा है। प्रतिबन्ध के बाद भी लोग खरीद करेंगे जिस पर कार्रवाई होगी। निर्णय से कारखानों में काम कर रहे कारीगरों व प्रतिष्ठानों के कर्मियों में बेरोजगारी बढ़ेगी। सरकार कारोबारियों को बुलाकर कोई समाधान निकाले। सर्राफा कारोबारी रमेश सोनी ने बताया



कि पीएम की अपील के बाद उनका सर्राफा का कारोबार थम सा गया है। इसी तरह चलता रहा तो उनके व परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। सरकार को स्वर्णकारों से मिलकर कोई समाधान निकालना चाहिये। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने बताया कि जिले में एक हज़ार से अधिक आभूषण कारीगर है जो एक हज़ार से लेकर पांच सौ रुपये प्रतदिन पर काम करते है। पीएम की अपील के बाद ग्राहकों ने सोने की दुकानों में खरीद रोक दी है। पीएम की अपील के सर्राफा कारोबारी के साथ कारीगर, प्रतिष्ठानों में काम करने वाला कर्मचारी भी प्रभावित होगा। प्रधानमंत्री की अपील के बाद सरकार को सराफा कारोबारियों की समस्याओं को सुनना चाहिये। आर्थिक समस्याओं को देखते हुए, बच्चों की फीस चिकित्सा आदि के लिए कोई पैकेज दिया जाना चाहिये। दुकानों का किराया बिजली का बिल से राहत होनी चाहिये। सरकार से मांग के लिए संगठन की ओर से किसी तरह की पहल पर बताया कि शीर्ष नेतृत्व समस्याओं पर गंभीर है जल्द ही कोई निर्णय लेंगे उसके बाद ही कई रणनीति तय होगी। हरिओम ज्वैलर्स के संचालक मोनू रस्तोगी ने बताया कि वह प्रधानमंत्री की सभी अपील पर उनके साथ है कोई भी निर्णय सर्राफा कारोबारियों के साथ बैठकर ही होना चाहिये था। ऐसी अपील से दुकानदारों के साथ ही उनके छोटे कर्मचारी प्रभावित होंगे। छोटे कारोबारियों के सामने दुकानों का भाड़ा व वेतन जैसी समस्याएं आएगी। उन्होंने सरकार की ओर से जल्द ही कोई समाधान मिलने व राहत दिए जाने की उम्मीद जताई।

# ई-लाटरी के जरिए कृषकों का चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में ई–लाटरी का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026–27 में खरीफ 2026 के अन्तर्गत निःशुल्क उर्द, मूंग बीज मिनीकिट एवं निर्धारित अनुदान की दर पर संकर धान बीज, ढेचा, बीज प्राप्त करने हेतु ई–लाटरी के माध्यम से .षको का चयन हुआ। जिसका मैसेज .षि निदेशालय द्वारा .षक के पंजी.त मोबाइल नंबर पर प्रेषित कर दिये गये है। इसलिए चयनित किसानों से अनुरोध है कि अपने विकास खण्ड में स्थित राजकीय .षि बीज भण्डार पर आधार कार्ड एवं खतौनी की छायाप्रति लेकर यथाशीघ्र पी०ओ०एस० मशीन के माध्यम से चयनित बीज प्राप्त करें।

# वृद्ध सहित दो ने फांसी लगा किया आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत बीते 24 घंटों के अन्तराल में वृद्ध सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रम्हभरिया निवासी स्व0 बलदेव का 85 वर्षीय पुत्र कल्लू प्रसाद जिसका पिछले कई सालो से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। तभी गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत में पाखर के पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मृतक का भतीजा हुसालीराम ने दी है। इसी प्रकार बांस बरेली जनपद के थाना जगतपुर निवासी मो0 रफीक का 40 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आसिफ वर्तमान समय में शहर क्षेत्र के पीरनपुर सारा मैरिज हाल के सामने गली में रहता था। बीती रात संदिग्ध अवस्था में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सर्पदंश से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोवताली क्षेत्र के ग्राम संसारपुर सोमवार की शाम कंड़ा निकालते समय 36 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। उपचार के लिए अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सांसरपुर गांव निवासी लवकुश की पत्नी बिटान देवी सोमवार की शाम लगभग 5 बजे खाना बनाने के लिए कमरे कंडा लेने गयी थी। तभी सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनो को हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ट्रिपल सुसाइड कांड : पचास हजार का इनामिया वृंदावन से गिरफ्तार

## - हाईकोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद परिवार समेत बदल रहा था ठिकाने
## - सुसाइड नोट में नाम आने के बाद गिरतारी के डर से फरार हुआ था आरोपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के चर्चित ट्रिपल सुसाइड कांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली में दर्ज मु0अ0सं0 77/2026 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे पचास हजार रुपये के इनामी अभियुक्त राहुल श्रीवास्तव को पुलिस ने मथुरा–वृंदावन क्षेत्र से गिरतार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरतारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मामले का खुलासा करते हुए गिरतारी की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 11 मार्च को थाना कोतवाली क्षेत्र में एक अत्यंत संवेदनशील घटना सामने आई थी, जिसमें अमर श्रीवास्तव, उनकी माता और चाचा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रयागराज जोन के एडीजी और आईजी ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया था। घटनास्थल से रक्तरंजित ब्लेड, सल्फास के पाउच, केमिकल का डिब्बा तथा दो गिलास बरामद हुए थे, जिनसे सल्फास की गंध आ रही थी। मौके से मृतक अमर श्रीवास्तव द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी मिला था। जांच में सामने आया कि अमर श्रीवास्तव भारी कर्ज में डूबे हुए थे और कुछ लोगों द्वारा उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी जा रही थी। पुलिस के अनुसार सुसाइड नोट में कई लोगों के नाम दर्ज थे, जिसके आधार पर वादी सुशील कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर थाना कोतवाली में धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में नामजद चार आरोपी पप्पू उर्फ दिलीप त्रिवेदी, संजय सिंह, शुभम और सोनू कुमार रैदास को पहले ही गिरतार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि राहुल श्रीवास्तव फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरतारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसे बाद में पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया। पुलिस और सर्विलांस टीम लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस करने में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि राहुल श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ मथुरा–वृंदावन क्षेत्र में रह रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते



हुए थाना कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर सोमवार रात परिक्रमा मार्ग श्याम कुटी के पास से आरोपी को गिरतार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि उसने मृतक अमर श्रीवास्तव को लगभग एक लाख रुपये उधार दिए थे और वह लगातार रुपये वापस करने का दबाव बना रहा था। घटना वाले दिन भी उसने फोन पर रुपये वापस मांगने की कोशिश की थी। बाद में जब उसे ट्रिपल सुसाइड की जानकारी हुई और सुसाइड नोट में अपना नाम होने का पता चला तो वह गिरतारी के डर से परिवार सहित फरार हो गया। आरोपी ने कानपुर, प्रयागराज समेत कई स्थानों पर छिपकर समय बिताया तथा मोबाइल और सिम कार्ड भी बदल लिए थे। उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण और जमानत के लिए प्रार्थना पत्र भी दाखिल किए थे, लेकिन सभी निरस्त हो गए थे। पुलिस ने गिरतार आरोपी राहुल श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी सुंदरनगर कॉलोनी थाना कोतवाली को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरतारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमंत मिश्रा, उपनिरीक्षक गिरीशधर दुबे, कांस्टेबल आशीष कुमार, अनीश दीक्षित, देवेंद्र कुमार तथा सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# चार पहिया की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नवलापुर के समीप चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 51 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र तारापुर गांव निवासी सुबराती खान का पुत्र मुन्ना मंगलवार की सुबह बाइक से शहर आ रहा था। जब वह नेवलापुर स्पोर्ट्स कालेज के पास पहुंचा तभी तेज रतार चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मोर्चरी पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का छोटा भाई लाल मोहम्मद ने दी है।

# खोए मोबाइल मिले, चेहरों पर लौटी खुशी

## - सीईआईआर पोर्टल से बीस लाख रूपए कीमत के 132 मोबाइल बरामद
## - पोर्टल आमजन के लिए बेहद उपयोगी, शिकायत मिलते ही शुरू हो जाती ट्रैकिंग : एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गुम व चोरी हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में पुलिस को बड़ी सफलता मिली



है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल की मदद से जनपद पुलिस ने कुल 132 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। लाभार्थियों ने फतेहपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि कोई भी व्यक्ति सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अपने गुम या चोरी हुए मोबाइल की शिकायत स्वयं ऑनलाइन दर्ज करा सकता है। शिकायत दर्ज होते ही सूचना संबंधित थाने को स्वतः प्रेषित हो जाती है। इसके बाद पुलिस मोबाइल की लोकेशन और उपयोग की निगरानी शुरू कर देती है। उन्होंने बताया कि पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यदि फतेहपुर से गुम हुआ मोबाइल किसी अन्य जनपद या राज्य में उपयोग हो रहा हो, तो वहां की संबंधित पुलिस इकाई को स्वतः सूचना पहुंच जाती है। इसी आधार पर मोबाइल की रिकवरी संभव हो पाती है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे मोबाइल बरामद होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। जनपदीय सीसीटीएनएस टीम और सभी थानों की सीसीटीएनएस टीमों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग और समन्वित प्रयासों के चलते यह सफलता हासिल हुई। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिन्हें जनपद के अलावा गैर–जनपदीय क्षेत्रों और अन्य राज्यों से रिकवर किया गया।

### थानों से बरामद मोबाइलों का विवरण

कोतवाली 09, मलवां 08, हुसैनगंज 02, बिंदकी 19, कल्यानपुर 04, बकेवर 05, जहानाबाद 04, औंग 05, खागा 11, खखरेरू 03, सुल्तानपुर घोष 04, किशनपुर 04, धाता 03, थरियांव 06, असोथर 10, हथगांव 05, राधानगर 08, जाफरगंज 02, गाजीपुर 11, ललौली 01 तथा चांदपुर थाना क्षेत्र से 08 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# जल जीवन मिशन की बैठक में डीएम का दिखा सख्त रुख

## - गायत्री संस्था को किया ब्लैक लिस्ट
## - पाइप लाइन डालकर छोड़ी गई सड़कों को जून तक दुरुस्त करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जल जीवन मिशन के तहत चल रही पाइप पेयजल परियोजनाओं की धीमी प्रगति और भ्रामक रिपोर्टिंग पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदाई संस्था गायत्री के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति भेजने के निर्देश दिए। साथ ही पाइपलाइन बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों को जून माह तक हर हाल में मोटरेबल बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को जल निगम नगरीय एवं ग्रामीण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने निर्माणाधीन और पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा में कई परियोजनाओं की रतार धीमी मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदाई संस्थाओं को फटकार लगाई। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं में पाइपलाइन



डालने का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सड़कें जल्द ठीक कराई जाएं। जो सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें पहले जैसी स्थिति में बहाल किया जाए। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई तय होगी। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि छोटे–छोटे लंबित कार्य जल्द पूरे कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही हर माह लक्ष्य तय कर परियोजनाओं को समय से पूरा कराया जाए। बैठक में क्रिटिकल एएनसी के लंबित कार्यों को एक माह में पूरा करने और घर–घर कनेक्शन देने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने परियोजनाओं की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने और जल संरक्षण को लेकर गांवों में जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में जल निगम ग्रामीण एवं शहरी विभाग के अधिकारी, कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एमआईसी में लगा विधिक जागरूकता शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद न्यायाधीय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार मंगलवार को शहर के मुस्लिम इंटर कालेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पलाश गांगुली द्वारा बैठक व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विशेष जागरूकता शिविर का शुभारम्भ सचिव ने किया। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक शेखर, रामेन्द्र श्रीवास्तव व अवधेश ने किया। कार्यक्रम में आपसी, विवाद को कम करने से संबधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुलह समझौता केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। सचिव ने यह भी जानकारी दिया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा पराविधिक स्वयं सेवको की तैनाती आम जनमानस को सुलभ न्याय प्रदान किये जाने हेतु किया है। कार्यक्रम में अभ्यागत सचिव को प्रधानाचार्य डा0 मोहम्मद रफीक अहमद ने बुके व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। पराविधिक स्वयं सेवक शेखर, रामेन्द्र श्रीवास्तव व अवधेश एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )